* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 जनवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 101

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

तेजस्वी को 8 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने छोड़ा, 60 सवाल पूछे



भारत सरकार




## अयोध्या धाम बनेगा अध्यात्म और पर्यटन का वैश्विक केंद्र

**2 अमृत भारत ट्रेन**

दरभंगा - अयोध्या धाम जं. - दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल)
मालदा टाउन - बेंगलूरु

**6 वंदे भारत एक्सप्रेस**

श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली, अमृतसर - दिल्ली, कोयंबतूर-बेंगलूरु, मंगलूरु - मडगाँव, जालना - मुंबई, अयोध्या धाम जं.- दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल)

● आरामदायक यात्रा एवं समय में बचत ● 'कवच' तकनीक के साथ उन्नत सुरक्षा ● अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित जैसे आकर्षक इंटीरियर, बेहतर एलईडी लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम और मोबाइल चार्जिंग इत्यादि ● फास्ट पिकअप के लिए अमृत भारत ट्रेन में आगे-पीछे दोनों तरफ परमानेंट इंजन ● सांस्कृतिक, औद्योगिक और आर्थिक विकास में गति

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

**पुनर्विकसित अयोध्या धाम जं. (फेज-1)**

• आध्यात्मिक विरासत की तर्ज पर पुनर्विकसित स्टेशन
• अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे फ़ूड प्लाज़ा, पूजा शॉप, लिफ्ट, एस्केलेटर से सुसज्जित
• शिशु देखभाल कक्ष, आधुनिक प्रतीक्षालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
• इको-फ्रेंडली स्टेशन बिल्डिंग • यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार
• स्थानीय कला से सुसज्जित और दर्शनीय भवन

**महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम**

• 10 लाख की वार्षिक यात्री क्षमता वाला अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा
• उत्तर प्रदेश का चौथा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा • अयोध्या धाम की भव्यता के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं को लाभ
• रोजगार के अवसरों का सृजन • ₹350 करोड़ की लागत से विकसित
• 6500 वर्गमीटर क्षेत्र में आधुनिक सुविधा-युक्त टर्मिनल भवन
• 24 x 7 प्रचालन सुविधा वाला 2200 मी लम्बा रनवे • एयरबस-321 प्रकार के 08 विमानो की पार्किंग की क्षमता

**का उद्‌घाटन**

**जौनपुर-तुलसी नगर, अकबरपुर-अयोध्या, सोहावाल-पटरंगा, सफदरगंज-रसौली (जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल खंड का अंग) रेल खंड का दोहरीकरण**

● अयोध्या और वाराणसी की तीर्थयात्रा सुगम ● ट्रेनों का समय पर परिचालन
● जौनपुर-अम्बेडकरनगर-अयोध्या क्षेत्र का विकास

**रूमा-चकेरी-चंदारी तीसरी रेल लाइन परियोजना**

● रेल ट्रैफिक का बेहतर संचालन
● क्षेत्र के विकास को बढ़ावा

**मल्हौर-डालीगंज रेल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण**

● सेक्शन की क्षमता में वृद्धि
● बड़े शहरों से तेज कनेक्टिविटी

**का राष्ट्र को समर्पण**

## उत्तर प्रदेश में ₹15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं

**का लोकार्पण/शिलान्यास**

## नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री द्वारा**

**गरिमामयी उपस्थिति**

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केंद्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री

**जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह**
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (से.नि.)
केंद्रीय नागर विमानन; और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री






DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें | शनिवार, 30 दिसंबर, 2023 | प्रातः 10:00 बजे | अयोध्या, उत्तर प्रदेश

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# बजट होगा अंतरिम, पर मिल सकती है 'मोदी की गारंटी'

## ■ निर्मला ताई से आम से लेकर खास तक ने बांध रखी हैं बहुत सारी उम्मीदें

## ■ आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत एक और कदम आगे बढ़ायेगा

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट 1 फरवरी को पेश किया जायेगा। हालांकि यह अंतरिम बजट होगा, लेकिन बजट चाहे आम हो या फिर अंतरिम, हर किसी की निगाहें इस पर लगी होती हैं। इस साल पेश होनेवाले अंतरिम बजट को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले ही साफ कर दिया है कि नागरिकों को इसमें किसी शानदार घोषणा की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट नयी सरकार के गठन के बाद पेश किया जायेगा। इसके बावजूद हर आम और खास ने निर्मला ताई की पोटली से बड़ी-बड़ी उम्मीदें बांध रखी हैं। इस अंतरिम बजट में भले ही कुछ और हो या न हो, इसमें 'मोदी की गारंटी' की झलक जरूर मिलने वाली है, क्योंकि इसी मंत्र से भाजपा के लिए लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का दरवाजा खुल सकता है। वैसे अर्थव्यवस्था के नजरिये से अंतरिम बजट भी कम महत्वपूर्ण नहीं होता है और इसमें भी सरकार की आर्थिक नीतियों की झलक मिलती है, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि पिछले चार साल के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाये गये आर्थिक कदमों को आगे बढ़ाया जायेगा, ताकि आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत एक कदम और आगे बढ़ सकेगा। कोरोना महामारी के बाद मोदी सरकार ने जिस तरह आर्थिक मोर्चे पर शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं, उससे लगता है कि इस अंतरिम बजट में कुछ ऐसे उपायों की घोषणा की जा सकती है, जिनका सीधा सकारात्मक असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। क्या हैं अंतरिम बजट से उम्मीदें और क्या हैं चुनौतियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक दिन बाद, यानी 1 फरवरी को संसद में अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस अंतरिम बजट में वित्त मंत्री बाजार में विकास को बढ़ावा देने वाले कई पहलुओं पर दांव लगा सकती हैं। निवेशकों और बाजार पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि अंतरिम बजट में वित्त मंत्री की ओर से होने वाली घोषणाओं से आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बहुत हद तक जानकारी मिलेगी। हालांकि बाजार के जानकारों का मानना है कि वित्त मंत्री अपने छठे बाजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, क्योंकि यह अंतरिम बजट है। खुद वित्त मंत्री ने भी ऐसा ही एलान पहले भी किया है। वित्त मंत्री पहले ही कह चुकी हैं कि इस बार के अंतरिम बजट में किसी बड़े फैसले की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। सच्चाई यह है कि 1 फरवरी को जो बजट पेश होगा, वह सिर्फ एक वोट ऑन अकाउंट होगा, क्योंकि इस साल आम चुनाव होने हैं। इसलिए सरकार जो बजट पेश करेगी, वह सिर्फ नयी सरकार के आने तक सरकार के खर्च को पूरा करने के लिए होगा। अप्रैल-मई के आम चुनावों के बाद चुनी गयी नयी सरकार की ओर से जुलाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया जायेगा। इसके बावजूद अंतरिम बजट के दौरान बाजार और हितधारकों की नजर इस पर बनी हुई है, क्योंकि इससे देश की दिशा तय होगी। आम और खास ने भी अंतरिम बजट से कई उम्मीदें बांध रखी हैं।

इन उम्मीदों और चुनौतियों की पृष्ठभूमि में यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि अंतरिम बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है।



### 2019 में मिडिल क्लास और किसानों पर किया था फोकस

यह सच है कि लोकसभा चुनाव से पहले पेश होनेवाला अंतरिम बजट सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते हुए देखा जा चुका है। सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर फोकस किया था। कुल मिला कर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

### किसान सम्मान निधि की हुई थी घोषणा

उल्लेखनीय है कि उस समय वित्त मंत्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना छह हजार रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र (पीएम श्रम योगी मानधन - एसवाइएम) से जुड़े 50 करोड़ श्रमिकों को सेवानिवृत्ति पेंशन में सरकारी योगदान का भी प्रस्ताव किया गया था। कुल मिला कर 'मोदी की गारंटी' की छाप इस बार के अंतरिम बजट में भी देखने को मिल सकती है।

### क्या है 'मोदी की गारंटी'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कई घोषणाएं कीं। इसमें अन्य बातों के अलावा 450 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर, गरीब महिलाओं को 1250 रुपये का नकद हस्तांतरण, 21 साल की उम्र तक की गरीब लड़कियों को दो लाख रुपये आदि घोषणाएं शामिल हैं और इन्हें 'मोदी की गारंटी' का नाम दिया गया। इन तीनों राज्यों में सरकार बनने के साथ ही इन गारंटियों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

जहां तक अंतरिम बजट का सवाल है, तो असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती को लेकर काफी संकट है। केंद्र सरकार के पास असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ श्रमिकों का आंकड़ा है। वित्त मंत्री इन श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए कुछ घोषणाएं कर सकती हैं। उन्हें सालाना कुछ नकद राशि देने की घोषणा की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार ने हाल ही में छह हजार रुपये प्रति माह से कम आय वाले 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसको देखते हुए अंतरिम बजट में इस तबके को प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता दिये जाने की संभावना है।

### राजकोषीय घाटे पर कितना होगा असर

जहां तक इन घोषणाओं से राजकोषीय घाटे की स्थिति पर पड़ने वाले असर का सवाल है, तो सरकार ने राजकोषीय घाटा 17.9 लाख करोड़ रुपये यानी 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह अनुमान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 301.8 लाख करोड़ रुपये के अनुमान पर आधारित था। 2023-24 के पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी 296.6 लाख करोड़ रुपये रहने पर यह छह प्रतिशत यानी 17.8 लाख करोड़ रुपये बनता है। यह बजट में तय लक्ष्य के लगभग बराबर है। सरकार ने राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है। यानी वर्तमान के छह प्रतिशत की तुलना में इसमें 1.5 प्रतिशत की कमी लानी होगी। सरकार बाजार मूल्य पर 10.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के साथ 2024-25 में जीडीपी का अनुमान 327.7 लाख करोड़ रुपये रख सकती है। ऐसे में राजकोषीय घाटे में 0.75 प्रतिशत कटौती करने का मतलब है कि व्यय में 2.5 लाख करोड़ रुपये की कमी करनी होगी। यह मुश्किल लगता है। दूसरी तरफ सरकार की लोकलुभावन योजनाओं पर भी खर्च होने की संभावना है।

### बजट में चुनावों का रखा जायेगा ध्यान

ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या 'मोदी की गारंटी' पर होने वाले व्यय को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जायेगा या फिर कर राजस्व, गैर-कर और विनिवेश प्राप्तियों के अनुमान को बढ़ाया जायेगा। सबसे अधिक संभावना यह है कि अंतरिम बजट आसन्न लोकसभा चुनावों की जरूरतों के अनुरूप होगा। राजकोषीय मजबूती के लिए इंतजार किया जा सकता है। राजस्व मोर्चे पर स्थिति के बारे में कहा जा सकता है कि आयकर संग्रह बजट अनुमान से कहीं बेहतर रहेगा। जीएसटी लक्ष्य के अनुरूप है। सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क का प्रदर्शन जरूर खराब रहा है, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से अधिक लाभांश आने के कारण गैर-कर राजस्व, बजट अनुमान से अधिक होगा। विनिवेश आय ने काफी निराश किया है। कुल मिला कर, अतिरिक्त व्यय के लिए गैर-ऋण प्राप्तियां अच्छी स्थिति में रहने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है।

### प्रत्यक्ष कर से 18.23 लाख करोड़ जुटाने का है लक्ष्य

सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में दो महीने से अधिक का समय बाकी है। वहीं, जीएसटी के मोर्चे पर केंद्रीय जीएसटी राजस्व 8.1 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से लगभग 10 हजार करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है। हालांकि, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में करीब 49 हजार करोड़ रुपये की कमी की आशंका है।

इन तमाम चुनौतियों के बीच उम्मीद यही है कि निर्मला ताई की पोटली से कुछ तो राहत निकलेगी और इसके साथ ही आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा भारत इस तरफ एक और मजबूत कदम उठा लेगा।

---

# त्रिकोणीय प्रेम-प्रसंग में स्कूल में ही दो टीचर की हत्या

**आरोपी शिक्षक ने भी मार ली गोली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** त्रिकोणीय प्रेम-प्रसंग में एक शिक्षक और एक शिक्षिका की हत्या कर दी गयी। वहीं दोनों को गोली मारने वाले आरोपी शिक्षक ने भी खुद को गोली मार ली। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। मामला गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट स्थित उत्क्रमित विद्यालय चतरा की है। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है।

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि स्कूल के सभी शिक्षक लाइब्रेरी भवन में बैठे हुए थे। अचानक शिक्षक रवि रंजन ने अपने पास से देसी पिस्तौल निकाल कर सबसे पहले शिक्षिका सुजाता कुमारी के ऊपर गोली चलायी। गोली लगते ही सुजाता कुमारी कुर्सी से लुढ़क कर नीचे गिर गयीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी, जबकि दूसरी गोली आदर्श सिंह पर चलायी गयी। आदर्श सिंह ने कुर्सी पर बैठे-बैठे ही दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी शिक्षक रवि रंजन ने खुद के सिर में भी गोली मार ली। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। घटना की खबर फैलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण स्कूल में जमा हो गये। सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी और पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान रवि रंजन की भी मौत हो गयी। घटना में मृत शिक्षिका सुजाता कुमारी ग्राम दांडे की निवासी हैं, जबकि रवि रंजन पोड़ैयाहाट के निवासी हैं। वहीं मृतक आदर्श सिंह यूपी के बताये जा रहे हैं।



**क्या है पूरा मामला**

बताया जा रहा है कि रवि रंजन का पहले से सुजाता कुमारी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बाद में सुजाता की नजदीकियां आदर्श सिंह के साथ बढ़ने लगी। यह बात रवि को नागवार गुजरी और उसने पूरे खेल को ही समाप्त कर देने का बड़ा फैसला ले लिया। इसके लिए योजना बना कर तीन नये-नये देसी रिवॉल्वर की व्यवस्था की और तीनों गोली अलग-अलग रिवॉल्वर से चलायी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीनों रिवॉल्वर को बरामद कर लिया है। एक साथ तीन शिक्षकों की लाश स्कूल से निकलने के बाद शिक्षा महकमा में मातम छा गया है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। आखिर शिक्षा के मंदिर में ऐसा घिनौना खेल कैसे खेला जा रहा था। स्कूल प्रबंधन पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल इस वीभत्स घटना की सर्वत्र निंदा हो रही है।

# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने इडी कोर्ट में लगायी हाजिरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन खरीदने के मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल ने इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में हाजिरी लगायी। इस दौरान विष्णु अग्रवाल को अदालत द्वारा पुलिस पेपर सौंपा गया। बता दें कि विष्णु अग्रवाल अभी जमानत पर हैं, उन्हें हाइकोर्ट से जमानत मिली थी।

बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे इडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गयी थी।



# गिरिडीह में फिर पकड़ाये चार शातिर साइबर अपराधी

**ब्लैकमेल करके लोगों से ऐंठते थे पैसे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस बार बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह में छापेमारी कर पुलिस की टीम ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**कोडरमा और हजारीबाग के हैं गिरफ्तार साइबर क्रिमिनल्स :** साइबर क्रिमिनल्स में कोडरमा थाना क्षेत्र के बोकोबार निवासी अजीत कुमार दास, अनुज पंडित, हजारीबाग जिले के चलकुशा के शिवा साव और बरकट्ठा के सूरज कुमार साव शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 21 मोबाइल फोन, 65 सिम कार्ड, नौ एटीएम कार्ड, पांच पासबुक, लैपटॉप, बाइक, दो आधार कार्ड और दो पैन कार्ड बरामद किये हैं।

**ऐसे मिली पुलिस को जानकारी :** एसपी दीपक कुमार ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह में फर्जी सिम का उपयोग करते हुए लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना के बाद साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी साइबर अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सावन कुमार साहू, गौरव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन और आशुतोष रंजन को शामिल किया गया।

**नावाडीह में पुलिस ने साइबर क्रिमिनल्स को दौड़ा कर पकड़ा :** टीम जब बगोदर के नावाडीह में छापेमारी करने पहुंची, तो सभी साइबर अपराधी पुलिस को देख कर भागने लगे। पुलिस ने चारों साइबर अपराधियों को खदेड़ कर पकड़ा। पूछताछ के क्रम में इन्होंने बताया कि ये लोग एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते थे। इसके अलावे एस्कॉर्ट पेंशन क्लब के माध्यम से लोगों को सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा भी देते थे और लड़कियों से न्यूड वीडियो कॉलिंग का रिकॉर्डिंग कर उसका वीडियो लोगों के मोबाइल पर भेज कर ब्लैकमेलिंग करते थे और उससे पैसे ऐंठते थे।



**एसपी ने कहा- शातिर हैं पकड़े गये साइबर क्रिमिनल्स**

एसपी ने बताया कि ये सभी शातिर साइबर क्रिम्नल्स हैं। ये लोग गिरोह बना कर लोगों से ठगी करते थे। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य कर रही है। इसी के तहत पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले से साइबर अपराध को खत्म करने के बाद ही यह अभियान खत्म होगा। एसपी ने कहा कि इसके पहले जिले में जितने भी साइबर अपराधी हैं, वे या तो साइबर अपराध करना छोड़ दें या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें।

### संतोष यादव को तीन साल की सजा, दो लाख का जुर्माना

**रांची।** साइबर क्राइम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी संतोष यादव के मामले में इडी कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने संतोष यादव को तीन साल सश्रम कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 30.01.2024
निविदा रद्दीकरण सूचना
निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 14
विषय :– "सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित 100 अदद संकेंद्रित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण" के लिए दिनांक 31.01.2024 को खोली जाने वाली निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.
भावी बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा संख्या 532 को रद्द किया जाता है।
कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस), रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
315/2024

www.epaper.azadsipahi.in

31 जनवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 101




# सीएम हेमंत सोरेन लौटे रांची विधायकों के साथ की बैठक

## विधायक दल की बैठक में पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

- हेमंत से इडी आज कर सकती है पूछताछ
- भाजपा-झामुमो के बीच वाकयुद्ध जारी
- राज्य में सियासी हलचल तेज, बैठकों का दौर जारी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगभग 40 घंटे बाद रांची लौट आये हैं। यहां पहुंचते ही हेमंत ने अपने आवास पर सत्ताधारी दलों के विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में पहली बार उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। उनकी मौजूदगी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। झारखंड में सियासी हलचल तेज है। मुख्यमंत्री ने शाम में एक बार फिर विधायक दल की बैठक बुलायी। कहा जा रहा है कि इसमें मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हर तरह की रणनीति बनायी गयी है। हालांकि उन रणनीतियों के बारे में कोई भी खुल कर बोलने से बच रहा है। इस बीच भाजपा और झामुमो के बीच वाकयुद्ध जारी है। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं। उधर, प्रवर्तन निदेशालय (इडी) हेमंत सोरेन से बुधवार को पूछताछ कर सकती है। हेमंत सोरेन ने इडी को आज दिन के एक बजे के बाद पूछताछ करने के लिए सहमति दी है।

**27 जनवरी को हेमंत गये थे दिल्ली:** गौरतलब है कि हेमंत सोरेन 27 जनवरी को चार्टर प्लेन से दिल्ली गये थे। यहां कुछ कानूनी विशेषज्ञों से मिलने की बात सामने आयी थी। इडी अधिकारी हेमंत सोरेन से जमीन घटाला मामले में पूछताछ करने के लिए 29 जनवरी की सुबह दिल्ली स्थित आवास पहुंची थी। उनकी तलाश झारखंड भवन और सांसद शिबू सोरेन के आवास पर भी की गयी, लेकिन हेमंत नहीं मिले। इसके बाद से उनकी किसी प्रकार की सूचना नहीं आ रही थी। अचानक वह 30 जनवरी की दोपहर रांची पहुंचे। चर्चा है कि वह दिल्ली से रांची सड़क मार्ग से पहुंचे हैं। उधर, इडी ने दिल्ली में मुख्यमंत्री की गाड़ी, घर से कुछ कागजात और 36 लाख रुपये जब्त किये हैं, ऐसी जानकारी मिल रही है।

**इडी को आज दिया है मिलने का समय:** जमीन घोटाला मामले में इडी ने 20 जनवरी को मुख्यमंत्री से 7.30 घंटे पूछताछ की थी। इसके बाद हेमंत को फिर समन भेज कर 31 जनवरी तक पूछताछ के लिए समय निर्धारित करने के लिए कहा गया था। इडी ने उस पत्र में यह कहा था कि आप 28 जनवरी तक यह बतायें कि 29 से 31 जनवरी के बीच आप किस दिन समय दे रहे हैं। अगर आप नहीं आ सकते, तो हम आयेंगे। इडी सूत्रों के मुताबिक जब 28 जनवरी तक कोई जवाब नहीं आया, तो इडी उनके वहां खुद ही पहुंच गयी। इधर सीएमओ की तरफ से सोमवार को इडी को मेल भेजा गया, जिसमें हेमंत सोरेन से उनके आवास पर 31 जनवरी को दोपहर एक बजे पूछताछ करने के लिए आने का समय दिया गया है। संभव है, इडी अधिकारी बुधवार को तय समय पर पूछताछ के लिए सीएमओ पहुंचें।



### सत्ताधारी दल के नेताओं की बैठकों का दौर जारी

कांग्रेस, झामुमो और राजद (सत्ताधारी दल) के नेताओं का मंगलवार सुबह से बैठकों का दौर जारी है। कांग्रेस विधायकों की पहले सर्किट हाउस में बैठक हुई। यहीं पर सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। इसके बाद कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेता मुख्यमंत्री आवास पर जुटे। शाम में करीब तीन बजे सत्ताधारी दल के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पहुंचे। यहां राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर बातचीत हुई। बैठक में मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। बैठक के बाद कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम सात बजे एक बार फिर सत्ताधारी दलों के विधायक जुटे। इसमें मौजूदा हालात को देखते हुए हर एक बिंदु पर विचार-विमर्श हुआ। ऐसे तो झामुमो यह मान कर चल रहा है कि हेमंत सोरेन को इडी गिरफ्तार नहीं करेगी, लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो सत्ता की चॉबी किसे सौंपी जाये, इसे हेमंत सोरेन ही तय करेंगे।

### सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी गयी

राज्य की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। सीएम हाउस, राजभवन, भाजपा कार्यालय, इडी कार्यालय समेत अन्य जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किये गये है। साथ ही मुख्यमंत्री आवास के 100 मीटर के घेरे में धारा 144 लगा दी गयी है।

### राज्यपाल ने अधिकारियों को किया तलब

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रांची में होने की सूचना के पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को दोपहर में मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार को तलब किया। उन्होंने अधिकारियों से राज्य की मौजूदा स्थिति को लेकर बातचीत की।



मैं तो आपके दिल में था। कहीं आ-जा नहीं सकता क्या? मैं था, मैं हूं और मैं रहूंगा (बापू वाटिका में मीडिया के सवाल का जवाब)

**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**



मैं भी सीएम हेमंत सोरेन की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हूं। कानून के ऊपर कोई नहीं है। हम सभी संविधान के दायरे में हैं। यह सत्ता में रह रही पार्टी का बर्ताव सही नहीं है। मैं संविधान के संरक्षक के रूप में राज्य की पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हूं. यह राज्यपाल का काम है, जो मैं कर रहा हूं।

**- सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल**



झारखंड के सीएम के साथ क्रिमिनल जैसा व्यवहार किया गया। जब उन्होंने पूछताछ के लिए 31 जनवरी का समय दिया था तो इडी उनके आवास पर क्यों गयी। हेमंत सोरेन वीर शिबू सोरेन के बेटे हैं, वे नीतीश कुमार और अजीत पवार नहीं हैं कि झुक जायेंगे।

**- सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय महासचिव, झामुमो**



मुख्यमंत्री को पुलिस, सीबीआइ और इडी से डर लगता है तो वह अधिकारियों से काम कैसे करायेंगे? ऐसे डरपोक मुख्यमंत्री अगर सत्ता में रहेंगे तो राज्य कहीं का नहीं रहेगा। इसलिए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। मैं उनकी पार्टी के सदस्यों से भी कहूंगा कि उन्हें हटा दें।

**- बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा**

**भाजपा और झामुमो के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी:** राज्य में राजनीतिक हलचल तेज है। भाजपा और झामुमो दोनों एक-दूसरे पर प्रहार कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने मुख्यमंत्री की जानकारी देने वाले को अपनी तरफ से 11,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री की 'गुमशुदगी' का पोस्टर भी साझा किया। वहीं, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अगर कोई मनोचिकित्सक बाबूलाल मरांडी की मानसिक स्थिति को ठीक करेगा तो उसे 11 लाख रुपये का इनाम दिया जायेगा। उन्होंने बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे पर मानहानि का मुकदमा भी दर्ज करने की बात कही।

**कानूनी दांव पेंच में भी जा रहा मामला :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तथाकथित गायब होने की बात कानूनी दांव पेंच में भी जा रही है। एडवोकेट राजीव कुमार ने हाइकोर्ट में एक हेवियस कार्पस दायर की है। इसमें तीन सवाल उठाये हैं। मुख्यमंत्री कहां थे, किन लोगों के साथ थे और कैसे आये? साथ ही उन्होंने प्रोटोकॉल क्यों तोड़ा? उधर, भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अरगोड़ा थाने में सीएम हेमंत सोरेन के गुमशुदा होने का मामला दर्ज कराया।

**राँची मंडल में विभिन्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी सूचना**

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2023 दिनांक: 29.01.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा राँची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित है:

। **श्रेणी:** पार्सल स्कैनर। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएस2; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल के राँची एवं हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना एवं संचालन। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 12.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 12.02.2024 को सुबह 10.40 बजे।

। **श्रेणी:** वीपीएच। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीवीपीएच3; **सम्पत्ति का विवरण:** ट्रेन नं. 12825/12826 द्वारा हटिया (एचटीई) -आनंद विहार (एनएनवीटी)-हटिया (एचटीई) के बीच राउंड ट्रिप आधार पर पार्सल वैन (24 टन क्षमता) पट्टे पर प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 08.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 08.02.2024 को सुबह 10.30 बजे।

। **श्रेणी:** कैटरिंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीसीटीजी18; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल में जीएमयू तथा एसएमयू श्रेणियों के अधीन 46 अदद कैटरिंग इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 15.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 15.02.2024 को शाम 6.00 बजे।

। **श्रेणी:** एमपीएस। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएमपीएस8; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल में 12 अदद एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 12.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 12.02.2024 को दोपहर 12.20 बजे।

। **श्रेणी:** एवीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएवीएम11; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल में एवीएम-2, डब्ल्यूवीएम-8 के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 08.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 08.02.2024 को दोपहर 12.20 बजे।

। **श्रेणी:** पार्किंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरकेआईएनजी23; **सम्पत्ति का विवरण:** टाँगरबंसली, सुईसा तथा इटकी स्टेशनों पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 06.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 06.02.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।

। **श्रेणी:** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरसीईएल23; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 37 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को पट्टे पर प्रदान करने हेतु 71 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 30.01.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 31.01.2024 को अपराह्न 02.30 बजे।

। **श्रेणी:** पार्किंग। **सूचीपत्र सं.:** एमयूआरआईपीएआरकेआईएनजी; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल में मुरी पार्किंग में पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 09.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 09.02.2024 को सुबह 10.30 बजे।

। **श्रेणी:** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** एडीवीटी23; **सम्पत्ति का विवरण:** **(i)** राँची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार संविदाओं (07 अदद आउट ऑफ होम तथा 04 अदद स्टेशन के अंदर) हेतु 10 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी, **(ii)** राँची मंडल में लिंक रेक के साथ 18 ट्रेनों में ट्रेनों की बाहरी सतह (सम्पूर्ण फेस) पर विज्ञापन के लिए ई-नीलामी, **(iii)** राँची मंडल में लिंक रेक के साथ 10 ट्रेनों में ट्रेनों के भीतर (सम्पूर्ण फेस) विज्ञापन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 14.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 14.02.2024 को अपराह्न 04.50 बजे।

। **श्रेणी:** एटीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएटीएम22; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल में एटीएम हेतु 06 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 16.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 16.02.2024 को पूर्वाह्न 11.20 बजे।

। **श्रेणी:** विविध स्टेटिक्स (चिकित्सा सुविधा)। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएमएफसी4; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल में चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 09.02.2024 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 09.02.2024 को सुबह 10.30 बजे।

**टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है।

(PR-1079) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

सेवा ही लक्ष्य
झारखंड पुलिस

# गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर

## भटके नक्सलियों से गिरिडीह पुलिस की अपील

**एक करोड़**



MISIR BESRA@ BHASKAR@ SUNIRMAL JEE @SAGAR S/O- DRAPAN BHASKAR VILL-MADANADIH, PS-KHUKHRA, GIRIDIH PBM



PRAYAG MANJHI @VIVEK@FUCHAN @NAGO MANJHI @KARAN D S/O- LATE CHARKU MURMU VILL-DALLUBEDA, PS-TUNDI, DIST-DHANBAD CCM



ANAL DA@ TUFAN@PATIRAM MANJHI@PATIRAM MARANDI@RAMESH S/O-LENGRA MARANDI @TOTO MARANDI @CHATHU, VILL-DIWANDIH PS-PIRTAND, GIRIDIH CCM

**पच्चीस लाख**



AJAY@AJAY MAHTO@TIGER @BASUDEV@ ANJAN,MOCHHU @SHRIKANT S/O- CHANDO LAL MAHTO@ PREM CHAND MAHTO VILL-NAWADIH PS-PIRTAND, GIRIDIH (SAC)



RAGHUNATH HEMBRAM@NI RBHYA JEE@ CHANCHAL@ BIRSEN JEE S/O- BISHU HEMBRAM VILL- JARIDHI PS-DUMRI, PIRTAND, GIRIDIH (SAC)




CHAMAN@ LAMBU@ KARAMCHAN D HANSDA S/O- MARANG DA VILL- BELATANR (JONARABERA) PS- PIRTAND GIRIDIH (SAC)

**पन्द्रह लाख**



RANVIJAY MAHTO@ RANJAY@NEPALI S/O- HUBLAL MAHTO VILL- BAHRATANR PS- CHANDRPURA DIST- BOKARO (RCM)



SANJAY MAHTO @SANTOSH@ BASUDEV@BASUKO S/O- LATE MADHO MAHTO@LODHA MAHTO VILL- GARHRA, PS- KHUKHRA, DIST- GIRIDIH

**दस लाख**



SAHEBRAM MAZHI (ZCM) VILL- KARANDO PS- PIRTAND DIST- GIRIDIH

**आत्मसमर्पण नीति :- झारखंड सरकार के प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को निम्नांकित सुविधा दी जाएगी :-**

1. पुनर्वास अनुदान श्रेणी ए० (ZCM एवं उससे उपर) को पाँच लाख तथा श्रेणी बी० (SZM एवं उससे नीचे ) को दो लाख पचास हजार राशि दी जाएगी
2. पुरस्कार की राशि दी जाएगी
3. जीवन बीमा (प्रत्यार्पित नक्सली को पाँच लाख एवं 05 आश्रित के लिए एक-एक लाख)
4. मकान किराया (जमीन आवंटन नहीं होने पर 10 वर्ष तक 1500/- रूपया प्रतिमाह)
5. शिक्षण शुल्क (आत्मसमर्पित नक्सली/उसके बच्चे को 25000/- रूपया वार्षिक)
6. हथियार के साथ आत्मसमर्पण पर नियमानुसार अलग से राशि
7. गृह निर्माण हेतू 04 डिसिमिल जमीन
8. गृह निर्माण हेतू 50000/- रूपया
9. व्यवसायिक शिक्षा
10. न्यायालय संबंधी व्यय
11. नियोजन अथवा सरकारी सेवा

**निवेदक : पुलिस अधीक्षक गिरिडीह**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 °c | 11.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.29 बजे |



# बाबूलाल और निशिकांत पर झामुमो दर्ज करायेगा आपराधिक मुकदमा : सुप्रियो

## सीएम को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, वह नीचता की पराकाष्ठा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी तथा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। कैंप कार्यालय, रांची में मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने 29 जनवरी को ही मीडिया को बताया था कि सीएम हेमंत सोरेन निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे अब लौट भी आये हैं। इस बीच, भाजपा के बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे ने सीएम को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, वह शर्मनाक है। नीचता की पराकाष्ठा है। उनके खिलाफ पार्टी अब सीआरपीसी की धारा 499 (मानहानि) का केस करेगी। सीएम कोई व्यक्ति भर नहीं, अपने आप में एक संस्थान हैं। उनके खिलाफ दोनों ने नीच तरीके से आचरण दिखाया है। वे सीएम को मिसिंग बताते हैं, 11 हजार रुपये ईनाम की बात करते हैं। बाबूलाल का संगठन सीएम को लेकर थाना



### आखिर दिल्ली आवास पर कैसे पहुंची इडी की टीम

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब सीएम ने यहां 31 जनवरी को इडी को समय दिया हुआ है तो उनके दिल्ली आवास पर वह क्यों, कैसे पहुंच गयी। उसे यह अधिकार किसने दिया। दिल्ली आवास से 36 लाख रुपये कैश मिलने की बात कही जा रही, कौन जानता है कि बाबूलाल या इडी ने ही इसे प्लांट कराया हो।

तक चला जाता है। सुप्रियो ने इसी दौरान बाबूलाल का दिमागी इलाज करानेवाले को पार्टी की ओर से 11 लाख रुपये मदद करने की भी बात कही। जब भाजपा राजनीतिक तौर पर हेमंत सोरेन से नहीं सक पा रही तो जांच एजेंसियों के जरिये खुलेआम गुंडागर्दी करने पर लग गयी है।

सीएम के मिसिंग होने की बात करनेवाले मुख्य विपक्षी दल और उनके नेता बतायें कि क्या सीएम भाजपा ऑफिस में बायोमेट्रिक अटेंडेंस देंगे? क्या सीएम के नहीं रहने से उनका राशन खत्म हो गया था। सुप्रियो ने कहा कि यह साल सही समय है जब सीएम के बारे में नीचतापूर्ण आचरण करनेवाले को चिह्नित किया जाये और उसे आइसोलेट किया जाये।

### सवाल भ्रम पैदा करता है

मीडिया के इस सवाल पर कि आखिर सीएम रांची कैसे लौटे, सुप्रियो ने भड़कते हुए कहा कि मीडिया का ऐसा सवाल भ्रम पैदा करता है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि जो कोई भी जिस साधन (ट्रेन, प्लेन, बस) से कहीं जाये तो उसी से लौटे। कोरोना काल में महाराष्ट्र से हजारों लोग 2500 किमी पैदल चल कर यहां आये। सीएम भी आ गये, यही बहुत है। भले वे घुटने के बल चल कर आये हों। राजभवन को भी निशाने पर रखते कहा कि यह कौन सा पैनिक क्रिएट किया जा रहा, वे मुख्य सचिव, डीजीपी को अपने ही यहां रख लें।

हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का सीएम हाउस में विधायक संग बैठक में शामिल होने के मसले पर सुप्रियो ने कहा कि दोपहर में हुई बैठक एक साथ जुटने और बापू वाटिका जाने को लेकर थी। लोगों की कल्पना से राजनीति नहीं चलती।

## जेएसएससी परीक्षा में धांधली पर साधा निशाना

# भ्रष्टाचारियों को अंतिम मुकाम तक पहुंचा कर दम लेंगे: बाबूलाल

जो इडी, सीबीआइ के डर से भागता फिर रहा, वह राज्य की सुरक्षा क्या करेगा

भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी, भ्रष्टाचारियों को अंतिम मुकाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा चार वर्षों से हेमंत सरकार में केवल लूट और भ्रष्टाचार हुआ है। यह सरकार कोयला, लोहा, बालू, पत्थर और जमीन की तरह और युवाओं की नौकरी भी लुटवा रही।

कहा कि जेएससीसी की परीक्षा अपरिहार्य कारण से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार उजागर होने के कारण रद्द करनी पड़ी है। परीक्षा के पहले ही प्रश्न पत्र सोशल मीडिया ग्रुप में घूम रहे थे। बेरोजगार अभ्यर्थियों से 35 लाख से लेकर 50 लाख रुपये तक लेकर प्रश्न पत्र बेचे गये।

उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ बल्कि 7वीं से 10 वीं जेपीएससी परीक्षा की कहानी भी सबको पता है। कैसे विभिन्न जिलों के सेंटर से क्रमवार रोल नंबर से परीक्षार्थी उतीर्ण हुए। कैसे इस सरकार ने पहले इस परीक्षा के भ्रष्टाचार से इंकार किया था और बाद में रद्द हुए। कहा कि प्रतिवर्ष 5 लाख नियुक्तियां, या बेरोजगारी भत्ता का वादा केवल धोखा साबित हुआ। अब तो यह सरकार मांड भात खाकर परीक्षा की तैयारी कर रहे बेरोजगार युवाओं को भ्रष्टाचार में झोंक रही। 50 लाख रुपये में सहायक की नौकरी बेच कर यह सरकार भ्रष्टाचार की नई बुनियाद भी खड़ी कर रही। उन्होंने कहा कि राज्य में लाखों पद रिक्त हैं लेकिन बहाली नहीं होने से राज्य का बेरोजगारी दर 18% पहुंच गया। राज्य में आज रजिस्टर्ड बेरोजगारों की संख्या 11 लाख से ज्यादा है। जिसमें 1लाख से ज्यादा स्किल्ड बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार केवल परीक्षा को रद्द कर-के रफा दफा नहीं करे। जेएसएससी के अध्यक्ष सहित परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी पर एफआइआर दर्ज हो और पूरे मामले की सीबीआइ जांच हो। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड के लिए संकल्पित है। पार्टी की लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जबतक राज्य को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों से मुक्ति न दिला दें।

प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**वृष** बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे, व्यर्थ की चिन्ताओं में ध्यान बढेगा।

**मिथुन** परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी, सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा।

**कन्या** यात्राएं सफल होंगी, अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी, क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**तुला** नवीन योजनायें सफल होंगी, आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा, हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद.धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन** बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।

# सीएम पद की गरिमा खत्म हो गयी : आजसू

सुदेश महतो ने पूछा, इडी की टीम दिल्ली स्थिति आवास पर थी तो कहां थे हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा खत्म कर दी है। साथ ही राज्य की छवि भी लगातार बिगाड़ रहे हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि जब दिल्ली में इडी की टीम उनके आवास पर पहुंची तब वे कहां थे।

फिर वे किन रास्ते से लौटे, उनकी गतिविधियों से संशय और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इडी उनसे पूछताछ करना चाहती है। अगर उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो बेहिचक इसका सामना करना चाहिए। सरकार और उनकी पार्टी शासन का दुरुपयोग कर राज्य का माहौल खराब करने में जुटी है। जबकि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्यपाल लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं।

**वन नेशन वन इलेक्शन पर जोर :** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आयोजित बैठक में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें तो आधुनिक भारत के लोकाचार प्रतिबिंबित हो सकते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन नये भारत की आकांक्षा को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। देश को वन नेशन वन इलेक्शन की ओर बढ़ना चाहिए। इसके लागू होने से देश की प्रगति आगे बढ़ेगी और चुनाव में होने वाले खर्च में काफी कमी आयेगी।

इस बैठक में विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इस दौरान एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर चिंतन-मंथन किया गया।

इस बैठक में डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, सुबोध प्रसाद, सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने केंद्रीय कार्यलय में उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने बापू को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनके सिद्धांत अनमोल हैं। यह आज भी प्रासंगिक हैं और हमेशा रहेंगे। महात्मा गांधी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने देश सहित पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का पाठ पढ़ाया था।

# हेमंत सरकार को गिराने का षड्यंत्र : वामदल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राजनीतिक हालात पर वामदलों की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया। यह बयान माकपा, भाकपा, भाकपा माले, मासस, आरएसपी की ओर से जारी किया गया। जिसमें नेताओं ने कहा कि 2024 चुनाव के लिए भाजपा अनिश्चितता की स्थिति में है। इसी डर से वह बड़े ही निर्लज्ज और आक्रामक तरीके से केंद्रीय एजेंसी इडी और धन की शक्ति का इस्तेमाल कर रही है, जिससे भाजपा विरोधी विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को कमजोर कर सके। इसके लिए वह दलबदलुओं को तोड़ कर लोकसभा चुनाव में कैसे जीता जाये, इसके लिए पूरी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। हाल ही में भाजपा ने महाराष्ट्र में, उसके बाद कर्नाटक में और अब बिहार में यह हथकंडा अपनाया है।

# कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने गृह मंत्री अमित शाह का मांगा इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांगा है। मीडिया में अपनी भावनाओं और सीएम के साथ अपनी फोटो को जारी करते हुए कहा है कि बीजेपी की इडी, दिल्ली पुलिस, आइबी मिल कर भी एक मुख्यमंत्री को ढूंढ़ नहीं पायी। ये पूरी तरह से अमित शाह की विफलता है। गृह मंत्री को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए, ताकि देश की एजेंसियों का इकबाल कायम रहे। दीपिका के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर अभी मुलाकात की। जबकि मीडिया और बीजेपी के मुताबिक उन्हें झारखंड के मुख्यमंत्री कहीं मिल नहीं रहे हैं। ऐसे में अमित शाह इस्तीफा दें।



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नरेश उरांव
मुखिया फसिया पंचायत
गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
मंगल सिंह भोगता
दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल किसान मोर्चा के सह प्रभारी
मंगल भोगता सह सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र संयोजक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
बिमला कुमारी
प्रधानाध्यापिका
राजकीयकृत मध्य विद्यालय
देवाकी घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शंकर साहु
बीपीआरओ घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शांति भवन मेडिकल सेंटर
बीरू, सिमडेगा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
संजय प्रसाद
प्रधानाध्यापक टोटाम्बी स्कूल
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
फन एंड फूड
नाश्ता एवं मिष्ठान का उत्तम प्रबंध
लोहरदगा रोड थाना चौक गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
गंदुर उरांव
प्रधानाध्यापक नाथपुर स्कूल
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
कस्तूरबा गांधी
आवासीय विद्यालय परिवार
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
संजीव कुमार
सामाजिक कार्यकर्ता
गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सिस्टर ललिता
प्राचार्य
संत अन्ना प्लस टू इंटर कॉलेज
पुग्गू , गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शंकर राम बरई
प्रधानाध्यापक
टाँगर सिकवार स्कूल
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
प्रीति कुजूर
बीईईओ घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
निराला हॉस्पिटल
आधुनिक तकनीकी उपकरण से बीमारियों का इलाज
आंखों का विशेष इलाज
मोतियाबिंद का ऑपरेशन
लोहरदगा रोड गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नेहरू युवा केंद्र संगठन
डीएसपी रोड गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
लोदो एक्का
मुखिया आरंगी
घाघरा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel




# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र नौ फरवरी से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 2024 मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की मंजूरी के बाद इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बजट सत्र नौ फरवरी शुक्रवार से प्रारंभ होगा जो 29 फरवरी तक चलेगा। 15 कार्य दिवस होंगे।

16 फरवरी को झारखंड का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जायेगा। सत्र के पहले दिन नौ फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। शोक प्रकाश इत्यादि होगा। 10 और 11 फरवरी को बैठक नहीं होगी। 12 फरवरी को प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव एवं वाद-विवाद किया जायेगा। इसी दिन 2023-24 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। 13 फरवरी को भी वाद-विवाद व प्रश्नकाल होगा। 14 फरवरी को बैठक नहीं की जायेगी। 15 को प्रश्नकाल व 16 फरवरी को प्रश्नकाल व बजट पेश किया जायेगा। 17 और 18 फरवरी को बैठक नहीं होगी। 19, 20, 21, 22, 23 फरवरी को प्रश्नकाल, वाद एवं विवाद किया जायेगा। 24 और 25 फरवरी को बैठक नहीं होगी। 26 फरवरी को बजट पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान होगा। 27, 28, 29 फरवरी को प्रश्नकाल व राजकीय विधेयक पेश किया जायेगा।

## न्याय यात्रा को लेकर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी ने सर्किट हाउस में की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंगलवार को सर्किट हाउस में पार्लियामेंट्री कमेटी और पार्लियामेंट्री अफेयर्स कमेटी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की। इस दौरान मीर ने राहुल गांधी के दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा को झारखंड में सफल बनाने के लिए सारे नेता और कार्यकर्ता जुट जायें। कहा कि झारखंड में यह यात्रा काफी अहम है। कई नेताओं को अहम जिम्मेदारी भी दी गयी है।

## सीएम आवास में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

# सभी ने कहा, हम हेमंत के साथ

■ कांग्रेस सरकार के साथ है, पूरी पार्टी एकजुट है : बन्ना गुप्ता

■ यह सरकार अपना 5 साल का पूरा करेगी : महुआ माजी

■ सरकार गिराने की साजिशों का मुंहतोड़ जवाब देंगे : राजेश ठाकुर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सियासी हलचल के बीच मंगलवार को कांके रोड स्थित सीएम आवास में हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। करीब दो घंटे तक हुई इस बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालत और आगे की रणनीति पर मंथन किया गया। बुधवार दिन के साढ़े 11 बजे से सत्ता पक्ष के विधायकों की फिर बैठक होगी।

बैठक खत्म होने के बाद सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बाहर निकले। मीटिंग से निकले मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि प्लान बी की कोई बात नहीं। प्लान बी तब होगा, जब प्लान ए में गड़बड़ी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ है। पूरी पार्टी एकजुट है। आत्मरक्षा का अधिकार सभी को है।

बैठक से निकलने के बाद विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के तमाम विधायक, वाम दल के विधायक पूरी तरह एकजुट हैं। नेतृत्व परिवर्तन की बात केवल प्रोपेगेंडा है। इसमें कहीं कोई सच्चाई नहीं है। हमलोगों ने और राज्य की जनता ने 5 साल के लिए हेमंत सोरेन को चुना है, इसलिए भाजपा जितना भी कोशिश कर ले हमलोग भाजपा को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक न तो पहुंचने देंगे और ना ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छूने देंगे।

बैठक से निकलने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को जब बीजेपी वाले लोग कुछ नहीं कर सके तो अब केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से सरकार को गिराना चाहती है। मुख्यमंत्री को हटाना चाहती है, लेकिन कुछ भी हो जाये, हेमंत सोरेन का कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता है। यह सरकार अपना पूरा कार्यकाल पूरा करेगी।

बैठक से निकलने के बाद कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमलोग भाजपा के हर प्रयास को नाकाम करेंगे। पूरा महागठबंधन एकजुट है। हमलोग हर परिस्थिति में हेमंत सरकार के साथ हैं। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। वहीं मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जिस तरह से सरकार ने 4 साल का कार्यकाल पूरा किया है आगे भी कार्यकाल पूरा करेगी। इडी की पूछताछ से पूर्व फिर सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक होगी। सभी सीएम से मिलेंगे।

राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि हमलोग पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं। यह सरकार अपना 5 साल का पूरा करेगी और 2024 में भी सरकार दोबारा आयेगी।

विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि बैठक में हम सभी सत्ता पक्ष के विधायकों ने सीएम से कह दिया है कि हम पूरी तरह आपके साथ हैं। यह सरकार अपने 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी। भाजपा हेमंत सरकार को परेशान कर रही है। इसके लिए जनता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है। हमलोग सरकार के खिलाफ की जा रही तमाम साजिशों का मुंहतोड़ जवाब देंगे। बैठक में विधायकों से हस्ताक्षर लिये जाने के सवाल पर राजेश ठाकुर ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई है। जो कुछ भी हो रहा है, वह हमें डराने के लिए हो रहा है, लेकिन हम ना पहले डरे थे और ना अब डरेंगे। हेमंत सोरेन की राजनीतिक हत्या की साजिश रची जा रही है। सूत्रों के हवाले से खबर फैलायी गयी कि मुख्यमंत्री भगोड़ा हैं, लेकिन मुख्यमंत्री हमारे सामने हैं। मंगलवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने गये राज्य की जनता यह सब देख रही है। वह विपक्ष की हरकत को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

### बैठक में नहीं पहुंचे 7 विधायक

सीएम हाउस से सामने आ रही जानकारी के मुताबिक, बैठक में बसंत सोरेन, सीता सोरेन, लोबिन हेंब्रम, रामदास सोरेन, विकास मुंडा, चमरा लिंडा और रवींद्रनाथ महतो नहीं पहुंचे। मीटिंग के बाद ज्यादातर विधायक सीएम आवास के पीछे वाले रास्ते से निकल गये।

# संत जेवियर्स कॉलेज में पुस्तक विमोचन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के फादर सी डिब्रावर हॉल में इतिहास विभाग द्वारा फैसिलियेटिंग रिसर्चर इनस्योक्योज जोंस, टूवड्‌र्स मोर इक्विटेबल नॉलेज प्रोडक्शन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक लोकार्पण के मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने शोध के महत्व पर प्रकाश डाला और साथ ही झारखंड की भाषा, संस्कृति एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इस दिशा में कार्य करने की सलाह दी।

इस अवसर पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ फादर प्रदीप रोबर्ट कुजूर ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वीडन (यूरोप) से प्रो. डॉ. मारिया एरिक्सन बाज, डॉ. मैट्स उटास तथा डॉ. स्वाति पराशर व डॉ. जेम्स विन्सेंट सिएरा से उपस्थित थे। इस अवसर दयामनी बारला एवं डॉ. रवि वाजपेयी भी उपस्थित रहे। ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित पुस्तक की सह लेखिका इतिहास विभाग की सह प्राध्यापिका डॉ. अंजू टोप्पो ने अपनी पुस्तक की शोध क्षेत्र पर प्रकाश डाला।

मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य (इवनिंग) डॉ. फादर अजय मिंज, डॉ. जयंत सिन्हा, प्रो. बीके सिन्हा, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. शिव कुमार, प्राध्यापिका निशा सिंह सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विषय प्रवेश एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने किया।

# फिल्म प्रत्यक्षा को बेस्ट मूल स्क्रीनप्ले अवार्ड

**जयपुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विगत दिनों जयपुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेगूसराय, बिहार में बनी फिल्म प्रत्यक्षा को नॉमिनेशन मिला था। अभी 25 जनवरी को फीचर फिक्शन फुललेंथ फिल्म के कंपटीशन कैटेगरी में 12 देशों के 19 ज्यूरी ने कुल 101 चयनित फिल्मों में मात्र 15 फिल्मों को पुरस्कृत किया। जिसकी विधिवत घोषणा जिफ द्वारा की गयी है। उन्हीं 15 पुरस्कृत फिल्मों में, फिल्म प्रत्यक्षा को भी बेस्ट मूल स्क्रीनप्ले अवार्ड दिया गया यानि कि इस फिल्म के लिए फिल्म के लेखक प्रद्योत कुमार को कथा, पटकथा एवं संवाद के लिए 9 से 13 फरवरी को होने वाले फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कृत किया जायेगा। बताते चलें कि जयपुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में इस वर्ष कुल 2971 फिल्में विभिन्न कैटेगरी में 84 देशों से एक से बढ़कर एक बड़ी-बड़ी फिल्में आयी थीं। देश-विदेश से जिसमें बिहार में बनी फिल्म प्रत्यक्षा ने बहुत ही खास पुरस्कार लेकर बिहार राज्य को गौरवान्वित करने का काम किया है। इस फिल्म के सारे क्रियू बेगूसराय, बिहार से ताल्लुक रखते हैं। इस फिल्म के अभिनेता विवेक आनंद इस अवार्ड से काफी उत्साहित हैं। अपने भविष्य को लेकर काफी आशान्वित भी हैं। वहीं फिल्म की अभनेत्री श्वेता कश्यप भी काफी खुश और आशान्वित हैं। अपने अभिनय कैरियर को लेकर साथ ही दोनों का कहना है कि हमारी मेहनत के अनुरूप हमारी फिल्म को अवार्ड मिला है और यह सिर्फ एक अवार्ड नहीं बल्कि आगे और बेहतर करने की नयी जिम्मेदारी है। जिसके लिये हमलोग तैयार हैं। इस फिल्म के सम्मानित लेखक प्रद्योत कुमार का कहना है कि यह एक प्रयोगात्मक फिल्म है। इस फिल्म को लिखने में लगभग 18 महीने का समय लगा था। काफी रिसर्च किये थे मैंने और यह सिर्फ कहने की बात नहीं है। इस फिल्म को देखने के बाद सभी लोग इस बात को महसूस करेंगे। मैंने जब यह फिल्म पहली बार फिल्म के निर्देशक पंकज कुमार को सुनाया था तो उन्होंने कहा था कि यह कुछ अलग हटकर कहानी है जो काफी रिस्की भी है। इस फिल्म को हम अवश्य ही करेंगे क्योंकि यह परफॉर्मेंस बेस्ड फिल्म है। अभिनय और अभिनेता के दृष्टिकोण से। वैसे भी जीवन में नो रिस्क नो गेन वाली बात है। पंकज कुमार ने बिल्कुल सही बात कही थी। आज उन्होंने रिस्क लिया इसीलिए हमें इतनी बड़ी सफलता गेन हुई है। निर्देशक पंकज कुमार ने कहा कि इस फिल्म को यहां तक लाने में हमें बहुत सारी कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करना पड़ा जिसके लिए काफी धैर्य और संयम की आवश्यकता थी जो बेशक हमने रखा। इस फिल्म से जुड़े तमाम लोगों ने काफी मेहनत किया है। मैं तमाम लोगों का शुक्रगुजार हूं। खास कर फिल्म के डीओपी संतोष मिठभावकर और एडिटर वरुण सिंह का। यह फिल्म अब बहुत ही जल्द दर्शकों के बीच होगी। हमें उम्मीद है कि इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा। इसी वर्ष फिल्म प्रत्यक्षा को और भी नामचीन फिल्म फेस्टिवल्स में भेजना है और ढेरों अवार्ड लेकर बेगुसराय, बिहार और देश का नाम रौशन करना है। यह अवार्ड निश्चित रूप से बिहार और बेगूसराय जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। अभी तक यह अवार्ड बिहार और बेगूसराय में किसी की नहीं मिला है।

## झारखंड में माहौल बिगाड़ने की चल रही साजिश!

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सवाल उठाया है कि क्या राज्यों के सीएम को दिल्ली आने पर केंद्र सरकार कुछ भी कर सकती है और राज्यों के सीएम को अपने प्रदेश की सीमाओं में ही रहना होगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और भाजपा ने सरकार गिराने के कई भरसक प्रयास किये। उन्हें मुंह की खानी पड़ी। 20 जनवरी को इडी के अधिकारियों ने हेमंत सोरेन से सात घंटे से अधिक अवधि तक कैमरे के समक्ष पूछताछ की। उन्होंने सभी प्रश्नों का जवाब दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि डेढ़ माह के अंदर तीन बार हेमंत सोरेन ने इडी कार्यालय को भेजे गये पत्र के जरिए जानकारी दी। लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए एक मुख्यमंत्री से पूछताछ के नाम पर इडी के अधिकारी कितना समय चाहते हैं? पूछताछ के तीन-चार दिनों के अंदर ही दोबारा एक समन जारी कर दिया जाता है और कहा जाता है कि उन्हें तीन-चार दिनों के अंदर ही पुनः जवाब दर्ज कराने आना है।

# जयशंकर प्रसाद की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद् के तत्वावधान में संत जेवियर कॉलेज, रांची में छायावाद के सुप्रसिद्ध कवि जयशंकर प्रसाद की 135वीं जयंती मनायी गयी।

इस अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसका विषय था- प्रसाद का व्यक्तित्व एवं कृतित्व। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जयप्रकाश पांडेय ने जयशंकर प्रसाद को युग पुरुष बताते हुए उनकी कालजयी कृतियों को राष्ट्रीयता एवं जन जागरण की भावना से ओत-प्रोत बताया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार भाटिया ने कहा कि अगर विचारों के हीरे-मोती हमें चाहिए तो जयशंकर प्रसाद की कृतियों को पढ़ना चाहिए। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जयशंकर प्रसाद जैसे रचनाकार न तो बनाये जाते हैं और न ही बनते हैं, बल्कि जन्मजात होते हैं। इसके साथ-साथ सहायक प्राध्यापिका कोमल खलखो ने उनकी रचना कामायनी को समरसता एवं विश्व कल्याण की भावना से अनुप्राणित बताया।

कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद .ज्ञापन परास्नातक की छात्रा नेहा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में परास्नातक एवं स्नातक के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# शिक्षक फेल तो समाज भी फेल हो जायेगा : प्रो गुरुस्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल के शिक्षा सलाहकार प्रो. ई. बालागुरुस्वामी ने मंगलवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय का दौरा किया और विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत हुए।

उनके साथ राज्यपाल के ओएसडी डॉ. संजीव राय भी थे। राज्यपाल के सलाहकार ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर लंबी बातचीत की। इससे पहले कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने विवि के बारे में सलाहकार को विस्तृत जानकारी दी। प्रो गुरुस्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को पूरा करने के लिए शिक्षकों की भूमिका की चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के साथ ही क्वालिटी एजुकेशन की भी बात की। उन्होंने कहा कि शिक्षक में समाज को बदलने की क्षमता होती है। अगर शिक्षक अपनी भूमिका में फेल हो जाता है तो ये समाज भी फेल हो जायेगा। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने अपने संबोधन में निस्वार्थ और रचनात्मक शिक्षा की उपयोगिता की बात कही। उन्होंने क्वालिटी एजुकेशन के लिए शिक्षकों की महती भूमिका को शिरोधार्य बताया। मौके पर विवि के कुलसचिव, डीन, एसोसिएट डीन, शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मारवाड़ी कॉलेज में जुटान संघ का चुनाव आज



रांची (आजाद सिपाही)। जुटान संघ, रांची का चुनाव मारवाड़ी कॉलेज, रांची के प्रांगण में अपराह्न दो बजे प्रारंभ होगा। जुटान संघ में अध्यक्ष के उम्मीदवार समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष, मारवाड़ी कॉलेज, रांची के डॉ. उमेश कुमार हैं। डॉ. उमेश कुमार की अध्यक्ष पद की जीत के दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। जुटान संघ के वोटर से बातचीत के दौरान पता चला कि अधिकांश वोटर का एक स्वर में कहना था की बहुत वर्षों के बाद अध्यक्ष पद के एक ईमानदार उम्मीदवार हमलोगों को मिले हैं। इन्होंने अपने जीवन में स्टूडेंट्स और शिक्षकों के लिए सार्वजनिक हित में हमेशा त्याग किया है। इनकी मतदाता सूची में क्रम संख्या 157 है। इनका जुटान संघ के लिए पहली प्राथमिकता सभी को आपसी सामंजस्य बनाकर साथ लेकर चलना, संगठन में कोई भी निर्णय आपसी विचार विमर्श करके ही शिक्षकों के हित में निर्णय लेना। साथ ही कंधे से कंधा मिलाकर चलना प्राथमिकता होगी। अपने जीवन में स्टूडेंट्स के हित में बहुत ही सराहनीय कार्य किये हैं। जिसकी उपलब्धि एसके विश्वविद्यालय, दुमका में अंकित है। जुटान संघ, रांची के वोटर डॉ. उमेश कुमार को अपने सभी सदस्यों से आग्रह कर शत-प्रतिशत सहयोग करने की अपील की है।

### शहीद दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण का विषय सर्व धर्म समभाव के प्रति महात्मा गांधी के विचार था। प्रतिभागियों ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार सर्व समाज के लिए अनुकरणीय हैं। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलकर सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, शांति एवं सर्वधर्म समभाव की भावना से प्रेरित हो सकते हैं। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित एवं मौन धारण किया गया।

### फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को बीएससी जीएनएम और एएनएम छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर एवं फीता कट हुई। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डॉ शाहीन कौशर, सोसाइटी के मेंबर डॉ नाजनीन कौशर उपस्थित हुए। जीनत कौशर ने कहा कि शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से हमारे छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। मुझे यह बात बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे कई छात्र, जो हमारे कॉलेज से पढ़ायी पूरी कर निकले हैं, अब भारत में कई प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च पदों पर काम कर रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से निदेशक डॉ शाहीन कौशर, डॉ नजनीन कौशर कॉलेज प्राचार्य विनिसा बंसियार, बिन्हा, विनीत, सुधीर कुट्टिया, शोएब अख्तर, रोहिनी, प्रतिभा, वर्षा कुमारी, शेरून शफाली, प्रियतोष रंजन, सादिक अंसारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा दी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को राम लखन सिंह यादव उच्च विद्यालय में डॉक्टरों की संस्था इसोपर्ब रांची चैप्टर की डॉक्टर करुणा झा, डॉक्टर सुनीता झा, डॉक्टर निर्मल सिंह, डॉक्टर अंजली झा, डॉक्टर किरण द्विवेदी, डॉक्टर हिना यासमीन, डॉक्टर पुष्पलता, डीआर रागिनी, डॉक्टर अर्चना, डॉक्टर प्रीति राय, डॉक्टर स्वाति लाल ने क्लास 6 से 10 तक के बच्चियों को विटामिन ए, ब्रेस्ट डिजीज मेंस्ट्रूअल हाइजीनिक एवं एवं अन्य जानकारी दी। साथी हाइट, वेट, पल्स, बीपी एवं ऑक्सीजन लेवल की जांच कर दवा निशुल्क दी गयी। इस अवसर पर संतोष महतो स्कूल के हेड मास्टर विनय कुमार सम्राट चटर्जी, कौशल गांधी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंजना झा एवं संतोष महतो की देखरेख में किया गया।

### सीबीएसइ आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2023 में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




रांची (आजाद सिपाही)। अपनी उत्कृष्ट गणितीय क्षमता एवं अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में आदि अग्रवाल, आयुषी सिंह और समरथ राज (सभी दसवीं कक्षा से) ने सीबीएसइ के पटना रीजन में टॉप 100 विद्यार्थियों की सूची में स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर खुशी जतायी और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को अपने आगामी प्रयासों में अधिक से अधिक ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# आसानी से मिले इंसाफ

सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को यह कहना मायने रखता है कि इज ऑफ जस्टिस हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों को न्याय सहज सुलभ महसूस हो। वह आसानी से मिले। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों की ही तरफ से हाल के दिनों में ऐसे कई कदम उठाये गये हैं, जो इस लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में मददगार हो सकते हैं। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने भी जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नये कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में इकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गयी है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है। इन कदमों की अहमियत को स्वीकार करते हुए भी यह कहना जरूरी है कि इज ऑफ जस्टिस से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गयी। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाइकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाइकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक (1 जनवरी 2024 को) देश के सभी 25 हाइकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा वर्किंग स्ट्रेंग्थ 784 है। यानी हाइकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं। ऐसे में जजों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच खींचतान की खबरें खास तौर पर परेशान करती हैं। कलीजियम सिस्टम की कमियों पर काफी बात हो चुकी है, इसमें भी दो राय नहीं कि जितनी जल्दी हो सके जजों की नियुक्ति की बेहतर व्यवस्था लायी जानी चाहिए, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक सभी पक्षों का यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि मौजूदा व्यवस्था के सुचारू संचालन में कोई अतिरिक्त अड़चन न डाली जाये। इसके बगैर इज ऑफ जस्टिस की बातों का व्यवहार में शायद ही कोई मतलब निकले।

> **सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गयी। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाइकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं।**

अभिमत

आजाद सिपाही

**केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाइवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।**

# मेडटेक मित्र : भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाइवे



**विनोद के पॉल**

केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है, जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है। नये मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।

इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है।

> **मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है।**

ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयां का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं और



कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।

केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाइवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आइसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आइसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल (https://medtechmitra.icmr.org.in/) चालू किया गया है। इस पर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आइसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी।

भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं।

इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएं बहुत अधिक हैं।

मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं, जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है।

भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा।

सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गयी है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गयी। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआइपी) भी हाल ही में शुरू की गयी है, ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके।

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे।

मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

**(लेखक : नीति आयोग के सदस्य हैं।)**

## राजधानी रांची की खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरगोड़ा थाना पहुंच सीएम को खोजने की लगायी गुहार

# बाबूलाल ने कहा : मामला गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री के रांची पहुंचने से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरगोड़ा थाना पहुंच कर मुख्यमंत्री को खोजने की गुहार लगायी थी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पिछले 48 घंटे से गुम हैं, लेकिन राज्य की जनता को अब तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है, इसलिए हम लोग अरगोड़ा थाना पहुंचे हैं।

इधर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए मामले को गंभीर बताया है। अपने ट्विटर हैंडल पर



बाबूलाल ने लिखा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत दो दिनों से लापता थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक और इंटेलिजंस विभाग को सीएम के लोकेशन की जानकारी नहीं होना गंभीर मसला है। अवैध संपत्ति अर्जित करने और घोटाले का आरोप हेमंत सोरेन के उपर व्यक्तिगत रूप से लगा हुआ है, लेकिन इडी को इसका जबाव मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से भेजा जा रहा है। हेमंत सोरेन के अचानक से लापता हो जाने से राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बनी हुई है, जो कोई भी मुख्यमंत्री की सही जानकारी देगा, उसे हमारे ओर से 11 हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा। यह पोस्ट मुख्यमंत्री के रांची पहुंचने से पहले का है।

# सरकार को अपदस्थ करने का षड्यंत्र : मनोज पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड में जनता द्वारा चुनी हुई महागठबंधन की सरकार को ऑपरेशन लोटस के तहत इडी के मार्फत परेशान कर रही है। उक्त बातें राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री का पोस्टर जारी कर सवाल खड़ा करने का प्रयास किया गया है, यह राजनीति का निचता का परिचय बाबूलाल के द्वारा दिया गया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है, लोकतंत्र में राजनीतिक विद्वेष राजनीतिक ढंग से होनी चाहिए। भाजपा झारखंड में अपने नेताओं का मानसिक रूप से बीमार हुए को इलाज करवाए। इस तरह की राजनीति से आने वाले समय में विखंडित राजनीति का परिचय होगा। झारखंड की जनता देख रही है और समझ रही है की किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी सत्ता के लालच में चुनी हुई सरकार को चाहे वह बिहार हो महाराष्ट्र हो या अन्य राज्य हो पैसे के बल पर एन केन प्रकारेण राज्य के सत्ता में काबिज होना चाहती है। झारखंड की जनता इनके मनसुबे को कभी पूरे नहीं होने देगी।

# 1 फरवरी को बूंदाबांदी के बाद लोगों को मिलेगी ठंड से राहत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पिछले एक दो दिनों से राज्यवासियों को ठंड से राहत मिली है। न्यूनतम तापमान में वृद्धि के साथ ही लोगों को कनकनी से राहत मिलनी शुरू हो गयी है। इस संबध में मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में और वृद्धि दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। लेकिन 31 जनवरी और 1 फरवरी को राज्य के कुछ हिस्से में बूंदाबांदी की संभावना है। बूंदाबांदी मुख्य रूप से दक्षिणी, उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दौरान अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। वहीं, 2 फरवरी से सुबह और शाम के वक्त बादल छाये रहेंगे, जबकि दिन के समय आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। लोगों को धूप मिलेगी, लेकिन 2 फरवरी से फिर से न्यूनतम तापमान में वृद्धि की जानकारी दी गयी है, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। रांची की बात करें तो 31 जनवरी और 1 फरवरी को राजधानी में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है, जबकि इस दौरान तापमान में कोई बदलाव महसूस नहीं किया जायेगा। इसके बाद न्यूनतम तामपान में कमी दर्ज की जायेगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राज्य अतिथि गृह पहुना में राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। भारत की आजादी के लिए महात्मा गांधी के अतुल्य योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने पूरी दुनिया को दिखाया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर डटे रहकर किस तरह बड़ा लक्ष्य



हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी विश्व के लिए न सिर्फ उपयोगी हैं, बल्कि उनके विचारों और दर्शन में अनेक समस्याओं का समाधान भी छिपा है। उन्हीं की प्रेरणा से नये और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। हम सभी गांधी जी के बताये सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रण लें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। यही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ राज्य की स्थिति को देखते हुए आगे की रणनीति 11 को तय करेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ राज्य कार्यकारिणी इकाई की बैठक दिनांक 29 जनवरी 2023 को संध्या गूगल मीट पर बैठक की गयी थी। इसमें निर्णय लिया गया कि आगे की रणनीति 11 फरवरी को बनायी जायेगी। ौठक में निर्णय लिया गया कि 4 फरवरी को सोशल मीडिया ट्विटर पर कैंपेन के माध्यम से सरकार को प्रोन्नति नियमावली में जो खामियां हैं उसे खामियों को कैंपेन चलाया जायेगा। 17 फरवरी 2024 का प्रस्तावित कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास का एकदिवसीय घेराव के लिए सभी जिले एवं प्रखंड वार जनसंपर्क अभियान चलाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भी उक्त बैठक में निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी बलजीत कुमार सिंह ने दी।

# आर्किटेक्ट अनुपम तिर्की मेमोरियल टूर्नामेंट सत्र-5 का हुआ आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** आर्किटेक्ट अनुपम तिर्की मेमोरियल टूर्नामेंट सत्र-5 का आयोजन बीआइटी मेसरा के कैंपस में आइआइए झारखंड चैप्टर के द्वारा का किया गया। इस कार्यक्रम में क्रिकेट, बैडमिंटन, चेस, टेबल टेनिस खेला गया। क्रिकेट में चार टीमों ने भाग लिया। इसमें आइटीपीआइ टीम ने 27 रन से विजय घोषित हुआ। इस मैंच में मैन ऑफ दा मैच अजय सिंह हुए। बैडमिंटन में पुरुष वर्ग में सौरभ घोष एवं यारथोंथुंग किकोन, महिला वर्ग में रक्षा शशि एवं अवंतिका दत्ता गौर, शतरंज में ऋषभ चड्ढा विजय हुये। वही टेबल टेनिस में अतुल सर्राफ विजय हुए। खेल उत्सव के स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स में 150 छात्रों के साथ वास्तुकला एवं योजना विभाग के प्रोफेसर के चेयरमैन अतुल सर्राफ, एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स अपूरब मिंज, अमित बरला, अरुण कुमार, नितेश पौल नाग, गोपीकांत महतो, हर्ष राज, सौरभ टोप्पो मौजूद थे।

### हेमंत सोरेन ने बापू को किया नमन, कहा

# गांधीजी के विचारों को बढ़ायेंगे आगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण किया। मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें नमन किया। मौके पर कहा कि गांधीजी के विचारों को हम सब दबने नहीं देंगे। उनके विचारों को आगे बढ़ाना आज भी बहुत जरूरी है। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वह बापू वाटिका से अपनी गाड़ी में निकल गये। मीडिया से और कोई बात नहीं की। मौके पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी जीएस मीर, मंत्री सत्यानंद भोगता, आलमगीर आलम, बेबी देवी, बन्ना गुप्ता, बादल, विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य भी उपस्थित थे।



## जनता को सच्चाई पता: जीएस मीर

मीडिया के सवालों पर जीएस मीर ने कहा कि सरकार है, रहेगी और चलेगी भी। जनता ने इस सरकार को पांच सालों के लिए चुना है। अभी सालभर का समय बाकी है। लोगों को भी पता लग चुका है कि कैसे इस लोकप्रिय सरकार को डिस्टर्ब किया जा रहा है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार में सभी दल, सहयोगी एकजुट हैं। सरकार को कोई खतरा नहीं।

# तुपुदाना में एसटीपी तैयार, अब इंडस्ट्री का पानी सिंचाई और पीने योग बनेगा : सांसद

> **किसानों को खेत में सिंचाई के लिए शुद्ध पानी मिल पायेगा किसानों के खेत नहीं होंगे बर्बाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से तुपुदाना में 32 करोड़ 89 लाख की लागत से एसटीपी बनकर तैयार हो गया है। सांसद सेठ ने एसटीपी का निरीक्षण किया। सांसद सेठ ने बताया कि तुपुदाना एक इंडस्ट्रियल एरिया है।



वहां इंडस्ट्रीज एरिया से निकलने वाला पानी आसपास के गांव, नदी, नालों, को प्रदूषित करता था। वहां के किसान और आम नागरिक बहुत परेशान थे।

सांसद संजय सेठ के अथक प्रयास से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गयी। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अब इंडस्ट्री से निकलने वाले पानी को ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से पीने का शुद्ध पानी बन पायेगा। अब वहां के किसानों के खेत प्रदूषित नहीं होंगे। सिंचाई के लिए शुद्ध पानी मिल पायेगा साथ ही लोगों को भी पीने के लिए शुद्ध पानी मिलेगा। सांसद सेठ ने कहा कि बहुत जल्दी इस प्लांट का उद्घाटन किया जायेगा।

## शहीद दिवस पर बलिदानियों को किया नमन



नामकुम (आजाद सिपाही)। सीआईटी में मंगलवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को शहीद दिवस के मौके याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दो मिनट के मौन धारण के बाद प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्र बलिदानी सपूतों का कृतज्ञ है। उन्ही के बलिदान का फल है कि आज हम स्वतंत्र है। परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह ने कहा कि स्वंत्रता संग्राम में हमारे पूर्वजों की कुबार्नी अविष्मरणीय है। हमें अपने अमर बलिदानियों पर गर्व है। मौके पर विद्यार्थियों के अलावा टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टॉफ आदि मौजूद थे।

## उमेडंडा में विदाई समारोह का आयोजन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। डॉक्टर राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय उमेडंडा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में 10वीं और 12वीं के छात्रों को विदाई दी गयी। प्रभारी प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र पूरी मेहनत के साथ मैट्रिक और इंटर की परीक्षा लिखें। मेरी शुभकामना है अच्छे अंकों के साथ में उत्तीर्ण होकर अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति पथ पर अग्रसर हों। इस मौके पर छात्रों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षक संगीता एक्का और बरखा रानी पन्ना सहित अन्य सभी उपस्थित थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

बुढ़मू (आजाद सिपाही)। स्व जगदीश महतो स्मृति खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर उरुगुटू बाजार टांड़ में मनोज कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। 18 फरवरी से प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव हरिप्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष विजय कुमार महतो, उपाध्यक्ष कैलाश पांडेय सहित कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में खेलकूद का आयोजन किया जायेगा। मौके पर मनोज महतो, अमन शाहदेव, भोलानाथ महतो, राजकिशोर महतो, अनिल, जलेश्वर, दिलीप सहित अन्य मौजूद थे।

## सुरेंद्र महतो तीसरी बार बने भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड निवासी सुरेंद्र महतो तीसरी बार भाजपा रांची जिला के ग्रामीण जिलाध्यक्ष नियुक्त किये गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी द्वारा सोमवार को नवनियुक्त अध्यक्षों और प्रभारियों की सूची जारी कर सुरेन्द्र महतो को पूनः ग्रामीण जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। सुरेन्द्र महतो तीसरी बार ग्रामीण जिलाध्यक्ष बने हैं। उन्हें जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सांसद संजय सेठ, आदित्य साहू, भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चैधरी, जैलेद्र कुमार, डॉ रिझु नायक, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, राजेंद्र, रामसाय, अनुराधा मुंडा, सुनील महतो, धनीराम, अगमलाल, सिकंदर, रामनाथ, घनेनाथ, जगेश्वर आदि ने बधाई दी है।

## दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरण का वितरण




नामकुम (आजाद सिपाही)। सीआरसी नामकुम कार्यालय परिसर पर मंगलवार को शिविर का आयोजन कर 83 दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया गया। सहायक उपकरण ग्रिड इंडिया के सीएसआर के तहत निशुल्क उपलब्ध कराया गया था। शिविर का उद्घाटन ग्रिड इंडिया रांची जिला प्रशासन, सीआरसी रांची और एलिम्को के पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सीआरसी रांची के डायरेक्टर सूर्यामणि प्रसाद ने कहा कि भारत सरकार व झारखंड सरकार के संयुक्त प्रयास से पूर्व में परीक्षण शिविर लगाकर जांच कराये दिव्यांगों को उपकरण दिया गया है। जो दिव्यांगों के लिये काफी सहायक है। कहा कि इन उपकरणों को पाकर इनका जीवन कुछ हद तक सरल हो जाता है। 52 दिव्यांगों को हाथ से चलाने वाली तीनपहिया साइकिल, 30 मोटर चालित तीनपहिया साइकिल और 1 व्हील चेयर दिया गया। शिविर में मुख्य रुप से ग्रिड इंडिया के डायरेक्टर राजीव सूत्रधार, डायरेक्टर जेयुएसएनएल मनोज कुमार करमाली, ग्रिड इंडिया के सीनियर मैनेजर श्यामल कोणार, नामकुम बीडीओ डां प्रवीण कुमार, सीआरसी डायरेक्टर सूर्चामणि प्रसाद, एलिमको के संजय मंडल आदि उपस्थित थे।

## संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में बाल सभा का गठन

मांडर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में बाल सभा का गठन किया गया। संतोष उराव प्रेसिडेंट और फलक अरमान वाइस प्रेसिडेंट बनाई गई, इसके अतिरिक्त अनुशासन विभाग के लिए रवि गोप, अनुपा खलखो, सैम मिंज, दिबिया भगत,अभिजीत मुंडा, और इशा किंडो, सांस्कृतिक विभाग के लिए आशीष खलखो, अंजलि तिर्की, राहुल उराव, रंजीता कुजूर, कपिल उराव और निकिता तिर्की खेल विभाग के लिए अभषेक किसपोट्टा,सुहानी किसपोट्टा, सुनील उराव, नेवेदिता टोप्पो, रोशन बारा, सफाई विभग के लिए सुशांत महतो, लक्की उराव, रौशनी खलखो, प्रतिका खलखो स्वस्थ विभाग के लिए नित्या खलखो, कुसुम कुमारी, आलोक प्रजापति, सरगम मुंडा, अमन कुमार सी. एल, सी. विभाग के लिए रोशन टोप्पो, एलिजाबेथ बोदरा, अर्पण खलखो, निकिता खलखो को मंत्री बनाया गया है। कॉलेज के प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की इस बाल सभा का गठन का एक मात्र उद्देश्य छात्र - छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो, मधु, विजय किसपोट्टा राजेंद्र इंदवार सहित अन्य उपस्थित थे।08

## भाजपा सिल्ली मंडल में अध्यक्ष विनोद साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू के अध्यक्षता में आज मंगलवार को एसटी मोर्चा पुनर्गठन और राष्ट्रीय अधिवेशन मंडल संचालन समिति की बैठक कि गयी। इस बैठक में प्रभारी रांची जिला एसटी मोर्चा महामंत्री बुधराम बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष के रूप में सुबोध मुंडा को चुना गया। और 11 फरवरी को रांची में होने वाले एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी के विषय पर भी विशेष चर्चा कि गयी। साथ ही इस कार्यक्रम में सिल्ली से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर में जेएमएम और आजसू के दर्जनों कार्यकता भाजपा के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। मौके पर शिवलाल महतो, भोलानाथ मंझी, चंदन उरांव, काशीनाथ बेदिया, बीरेंद्र मुंडा मुख्य रूप से सामिल थे।



# किसानों की खुशहाली से ही देश खुशहाल होगा : सांसद

**बेड़ो के लमकाना मैदान में श्री रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन**

**मेला में आये 74 किसानों को किया गया पुरस्कृत, ईश्वर गोप सर्वश्रेष्ठ किसान से सम्मानित, मिली स्प्रे मशीन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक शोध संस्थान रांची सह प्रखंड के समस्त विवेकानंद सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड के बारीडीह गांव के पड़हा मैदान में मंगलवार को श्री रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन किया गया है।इस वर्ष का किसान मेला प्राकृतिक/ जैविक खेती से ही स्वस्थ मिट्टी,स्वस्थ फसल, स्वस्थ समाज की थीम पर आधारित इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत रामकृष्ण मिशन कृषि विज्ञान केंद्र रांची के सचिव भवेशानंद ने मेला का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर और स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर और दीप जला कर किया। मेला में प्रखंड के किसान खुद के उपजाये गये फसल व पशु पक्षी को मेले में लाये थे। इस दौरान मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत ने मेले में किसानों द्वारा प्रदर्शित किये गये फल और सब्जी को देखकर किसानों की मेहनत की तारीफ की और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद ने कहा किसानों की खुशहाली से ही देश खुशहाल होगा। किसानों की आय दुगुनी करने के लिए केंद्र सरकार कृतसंकल्प है। प्रधानमंत्री किसानों की आय दुगुनी करने का जो लक्ष्य है। इसके लिए केंद्र की सरकार दिन-रात किसानों के हित में योजनाएं बना रही है और उसे धरातल पर उतार रही है। उन्होंने किसान योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनें।

वहीं भवेशानंद महाराज ने कहा कि रामकृष्ण मिशन पिछले पचास साल से समाज और किसान के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती करना, बागवानी करना, सांझा खेती करना, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, योगा तथा पशुपालन का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के माध्यम से लोगों का सशक्त बनाना है। इस दौरान अतिथियों द्वारा 74 किसानों पुरस्कार दिया गया।

वहीं सर्वश्रेष्ठ किसान ईश्वर गोप को स्प्रे मशीन देकर सम्मानित किया गया गया। किसान मेला को ब्रह्मचारी स्वपन महाराज, पड़हा संचालन समिति की संरक्षक निलमनी भगत मुखिया सुशांति भगत ने भी संबोधित किया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, पंसस राखी भगत,12 पड़हा राजा विशाल उरांव मौजूद थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सहाय, विनोद उरांव, सुका उरांव ने सराहनीय योगदान दिया।

# झारखंड में कांग्रेस मजबूती से लड़ने की शक्ति रखती है : राजेश कच्छप

**ओरमांझी के चडरी चरण पहाड़ जयडीहा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज और सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के जयडीहा पंचायत के चडरी चरण पहाड़ में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम आयोजित की गयी। मंगलवार को कार्यकर्ता मिलन समारोह में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि शंकर पाठक अध्यक्ष धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, प्रेमनाथ मुंडा सहित कांग्रेस पार्टी के सभी नेतागण शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। चडरी चरण पहाड़ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में ओरमांझी, सिकिदिरी, अनगड़ा थाना क्षेत्र के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने का काम करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बताया कांग्रेस पार्टी का महाजुटान आज चडरी चरण पहाड़ में देखने को मिला। उन्होंने कहा देश में चाहे जो भी परिस्थिति हो झारखंड में कांग्रेस मजबूती से लड़ने की शक्ति रखती है किसी भी कार्यकर्ता को किसी तरह का परेशानी के लिए कांग्रेस पार्टी के सभी नेता व मंत्री एकजुटता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता पंचायत और बूथ स्तर के है, वैसे कार्यकर्ताओं को सबसे पहले सम्मान मिलना चाहिए। भाजपा और आजसु पार्टी को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वालो को सम्मानित किया गया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया गया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में बीपत करमाली, पदम देवी पूर्व मुखिया घनेनाथ करमाली, ग्राम प्रधान, दसई पहान ग्राम प्रधान, रिंकी देवी, जमुना देवी वार्ड सदस्य, कुलेश्वर, कमल गंझू, क्रांति, मनीषा और सैंकड़ो की संख्या में महिला पुरुष कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए ।

## ऑटो चालक ने रोड किनारे खड़े लोगों को कुचला एक की स्थिति गंभीर

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खभानव बजार टॉड़ के सामने गेतलसुद से हुण्डरू फॉल की और जा रही मालवाहक ऑटो संख्या जेएच 0 डी एल 4488 ने रोड के किनारे खड़े एक मोटर साइकिल सवर सहित तीन महिलाओं को कुचल दिया, जिसमें दुर्गा भोगता, चमनी देवी बुटगोड़ा, बरसो देवी पति जितराम बेदिया बदरी और मितरो देवी पति रघु बेदिया ग्राम हुण्डरू गढ़ापार शामिल है। मितरो देवी को शिर में गम्भीर चोटे आई है। इस हादसे में, एक महिला डीमरा की है। ये सभी मोटरसाइकिल सवार सहित जिसमें एक महिला भी बैठी थी गेतलसुद से आकर खभानव बजार टॉड़ स्थित किराना दुकान के समिप खड़े थे कि अचानक ये ऑटो सभी को अपने चपेट में ले लिया। बताया जाता है ऑटो चालक अत्यधिक नशे में था। सभी घीयलों, को ग्रामीणों के सहयोग से तुरंत उपचार हेतु प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंद्र अनगड़ा पहुचा गया।

# लापुंग के दर्जनों सरकारी स्कूलों में 15 दिनों से मिड डे मील बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** सिस्टम की लापरवाही के कारण लापुंग प्रखंड में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चे मिड डे मील से कई दिनों से वंचित है। चावल की आपूर्ति नहीं होने के कारण प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में विगत चार जनवरी से मिड डे मिल नहीं बन रहा। वहीं रामवि ककरिया में विगत आठ जनवरी से ही मध्याह्न भोजन योजना बंद है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने प्रखंड संसाधन केंद्र को लिखित सूचना कर स्थिति की जानकारी दे दी है। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव खास में हुलसू, माड़ी मंगराटोली, लतरातु, कोंयसारा, मालगो डाड़हा, पांडु सहित दर्जनों विद्यालय में मिड डे मील की व्यवस्था कहि आठ दिन और कहि 15 दिन से ध्वस्त हो गयी है। सुबह 9:00 बजे स्कूल आने वाले बच्चे 3:00 तक भूखे प्यासे रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। भूखे पेट बच्चे दिन भर स्कूल में रहने के लिए मजबूर हैं। मिड डे मील का बीआरसी में प्रभारी सह कंप्यूटर ऑपरेटर कैलाश पाढ़ी ने बताया कि चावल का आवंटन हो गया है लेकिन अभी तक स्टेप डिलीवरी शुरू नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लापुंग प्रखंड को प्रत्येक त्रैमास में 700 क्विंटल चावल की जरूरत है, जबकि आपूर्ति सिर्फ 200 क्विंटल हुआ था। रंजन यादव ने बताया कि आरओ बनता है जिला और वह नगड़ी एफबीआई गोदाम को भेजता है। कई स्कूल के प्रधानाध्यापक दुकान से चावल खरीद कर खिला रहे थे, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को फोर्टिफाई चावल खिलाना है। यह दुकान में उपलब्ध नहीं है। देखना होगा कि कब तक बच्चे भूख से बिलबिलाते रहेंगे।

# अंचल कार्यालय ने लगाया सरकारी बोर्ड, भू-माफियाओं ने उसे उखाड़ फेंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा अंचल क्षेत्र में भू माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ गया है। रैयतों की जमीन की हेराफेरी कर खरीद-फरोख्त का कारोबार तो वे वर्षों से चला हीं रहे हैं अब उनकी नजर सरकारी भूमि पर भी गड़ गयी है। अब भू माफिया सरकारी जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाकर खरीद-फरोख्त के अवैध काम में जुट गये हैं। इस तरह का एक ताजा मामला अनगड़ा प्रखंड के चतरा मौजा का है जहां भू कारोबारियों द्वारा चतरा पंचायत और टाटीसिलवे थाना अंतर्गत रिंग रोड के समीप जैप-2 से सटे सरकारी गैर मजरूआ जमीन खाता सं 226, प्लॉट सं 1632, कुल रकबा 1.11 एकड़ का फर्जी दस्तावेज तैयार कर और इस भूमि को बंदोवस्ती व सादा हुकूमनामा में टाटी बस्ती निवासी स्व यदुनंद लोहार का बताकर प्लॉटिंग कर घेराबंदी किया जा रहा था। गौरतलब है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत ग्रामीणों को पूर्व में ही सूचित किया जा चुका है कि उक्त खाता, प्लॉट के भूखंड में किसी भी व्यक्ति का नाम अंकित नहीं है। इस बीच चतरा मुखिया डोली मुंडा के नेतृत्व में सैंकड़ो ग्रामीण अंचल कार्यालय अनगड़ा पहुंचे तथा सीओ की अनुपस्थिति में सीआई रमेश रविदास को एक ज्ञापन देकर इस सरकारी जमीन को बचाने की गुहार लगायी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए यह सरकारी जमीन बिक्री का नहीं है से संबंधित लिखा बोर्ड लेकर चतरा पंचायत के राजस्व कर्मचारी इंतियाज हुसैन और चैकीदार राजेंद्र गंझु को उक्त प्लॉट पर रवाना किया गया। बोर्ड लगाने के दौरान टाटीसिलवे थाना पुलिस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसके बाद भू माफियाओं नें एक सुनियोजित साजिश कर जमीन पर झुठा दावा पेश करने वाले यदुनंद लोहार के पुत्रों बिगल लोहार और आशाराम लोहार को उकसा कर ग्रामीणों का नेतृत्व करने वाले सुमित महतो, संतोष महतो, पूर्व मुखिया सोहन मुण्डा, आर्यन विद्या मंदिर के संचालक सुरेश, टिंकु, संजय महली, शिवलाल, सुजित, मित्रा मिर्धा आदि लोगों के विरूद्ध दस लाख रूपये रंगदारी मांगने का झुठा और मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए टाटीसिलवे थाना में आवेदन दिलवा दिया गया। इधर सूचना है कि अंचल कार्यालय द्वारा उक्त जमीन पर गैर मजरूआ जमीन से संबंधित जो बोर्ड लगाया गया था उसे उखाड़ कर फेंक दिया गया है। इधर इस बाबत सीआई रमेश रविदास से पुछे जाने पर उन्होंने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिए जाने वालों को चिन्हित कर बुधवार को उनके विरूद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

**कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों नें अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन:** एक तरफ जहां उक्त खाता, प्लॉट पर जमीन बिक्री का नहीं है से संबंधित अंचल कार्यालय द्वारा बोर्ड लगाया गया, वहीं कुछ घंटों बाद हीं वहां से बोर्ड गायब कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त हो गया है। मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सचिवालय, डीसी, एसएसपी, ग्रामीण एसपी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर दोषी लोगों के विरूद्ध कारवाई की मांग की।

## राष्ट्रीय भाव को जागृत कर युवा और नारी शाक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है : संजय सेठ



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। रांची सांसद संजय सेठ ने नगड़ी के धार्मिक सह सामाजिक संस्था को पत्र लिखकर श्री मानस प्रचार मंडल नगड़ी के प्रति शुभकामना और आभार व्यक्त हुए कहा कि श्री मानस प्रचार मंडल का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय भाव को जागृत कर युवा और नारी शक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। जो नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में श्री मानस प्रचार मंडल कर रहा है इस संस्था के सदस्य का समय समय में समाज सेवा कर रहे वह आर्दश और प्रशसानिये है। इधर सांसद संजय सेठ से पत्र पाकर श्री मानस प्रचार मंडल सदस्यो ने आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि श्री मानस प्रचार मंडल स्थापना सन1978 ई० को श्रदेय सत्य नारायण जी (गुरुजी) के द्वारा किया गया था, उस समय से अनवरत प्रत्येक शनिवार को श्री सुंदरकांड का पाठ सस्वर करते आ रहे है। फोटो। संजय सेठ।।

## महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनायी गयी




नामकुम (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वां पुण्यतिथि मंगलवार को नामकुम प्रखंड कार्यालय में उनक चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनायी गयी। साथ ही साथ 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी की 30 जनवरी 1948 को नथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांधी जी के इस बलिदान की याद में हर साल 30 जनवरी को शदीद दिवस के रुप में मनाते है। कहा कि आज उनके उन आदर्शों को भी याद करने का दिन है जिनकी बदौलत उन्होंने बिना हथियार उठाये अंग्रेजों को भारत से बाहर खदेड़ दिया था। इस अवसर पर प्रखंड के सभी पदाधिकारी, कर्मी के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

## 'गांव की ओर चलो अभियान' को लेकर बैठक



बेड़ो (आजाद सिपाही)। केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर भाजपा की गांव की ओर चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर बेड़ो मंडल और नरकोपी मंडल के द्वारा महादानी के रंगमंच में मंगलवार को बैठक आयोजित किया गया।इस बैठक में बेड़ो मंडल के प्रभारी सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गांव की ओर चलो अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर नरकोपी मंडल के प्रभारी जगरनाथ भगत, मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा सुखदेव कच्छप, महामंत्री राजेश साहू, भाजपा नेता चंद्र किशोर उरांव संदीप कुमार चारो उरांव अभिषेक पांडे महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगंती देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह




मांडर (आजाद सिपाही)। नारो स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में वर्ग 10 के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन और जूनियर छात्र छात्रों ने अपने सीनियर को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक आलोक बिपिन टोप्पो और प्रधानाध्यापक आलोक तिवारी ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्व्वलित कर किया। इस बीच बच्चों ने कई तरह का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने अपने बातों को रखते हुए बच्चों को समय प्रबंधन कर बचे हुए समय में परीक्षा की तैयारी करने की बात कहीं। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने को उनकी परीक्षा अच्छी तरह लिख पाये इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन रोहित टोप्पो और शबाना परवीन ने सम्मिलित रूप से किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के नोबेल टोप्पो एवं शिक्षक शिक्षिकाएं निशा कुजूर, शालिनी तिग्गा शाहिना परवीन, महावीर, पुनीत खलखो, जेवियर एक्का, पिंकी टोप्पो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे

## सरायकेला के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा शिवसेना का दामन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। झारखंड में राजनीति की तेज हलचल के बीच मंगलवार को शिवसेना के रांची अशोक नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में शिवसेना और बालासाहेब ठाकरे के नीति व सिद्धांतों से प्रभावित होकर सरायकेला के अनिल सोनी ने अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ शिवसेना का दामन थामा। इस दौरान शिवसेना में शामिल होने पर राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने कहा कि शिवसेना पूरे राज्य में हमेशा ही भ्रष्टाचार और धर्म की लड़ाई लड़ते आ रही हैं। राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने शिवसेना प्रदेश प्रभारी सह पूर्व मंत्री डॉ दयानंद कच्छप और राज्य उपप्रमुख संदीप मुखर्जी के साथ सरायकेला जिला प्रमुख के रूप में अनिल सोनी को शिवसेना का नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके अलावा उन्होंने राज्य संयोजक के रूप में संतोष कुमार तिवारी, भारतीय कामगार सेना के राज्य सचिव के रूप में शंभू नाथ महतो व कोल्हान प्रमंडल महासचिव के रूप में रमेश प्रसाद सिन्हा समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को शिवसेना का नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर शिवसेना के कौशिक घोष, जितेंद्र सिंह, विजय गोसाई, रणधीर सिंह, नितेश यादव, आकाश दुबे, अक्की अक्षत जैन, सम्राट उपाध्याय समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुटियातू पंचायत अंतर्गत चटकपुर गांव में श्री श्री रुद्र अवतार महाबली हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री अशोक नायक की उपस्थिति में संपन्न हुयी। भूमिपूजन निर्माण कार्यक्रम पंडित चंदन मिश्रा जी के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, खिजरी मंडल ओबीसी मार्चा अध्यक्ष दिलीप साहू, बनो और बनाओ मंच के संस्थापक रामाधार सिंह, सचिव अखिलेश यादव, गोरखनाथ सिंह, पुजा देवी, रामावतार साहू, कदरु महतो, दशरथ गोप, मनोज बड़ाईक, शिवदयाल बडाईक, शारदा टोप्पो, सतेंद्र वैद, महादेव मिंज, सरोज नायक, सुषमा देवी, संजय ठाकुर, संदीप साहू, लहरु साहू के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नवनियुक्त अध्यक्ष को किया गया सम्मानित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के भाजपा गढ़वा जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को भंडारिया मंडल कार्यालय पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं ओमप्रकाश केसरी को प्रदेश कार्यसमिति बनने पर उन्हें भी पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने एक किसान के बेटा को सम्मान देने का कार्य किया निवर्तमान अध्यक्ष को प्रदेश कार्यसमिति में जगह दिया भाजपा जो कहती है आज उसी को चरितार्थ किया सबका साथ सबका विकास के साथ सम्मान देने का कार्य किया। मौके भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर महामंत्री विनय जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, रूपेश, मदन, संतोष, मधुलता कुमारी सत्यनारायण समेत अन्य उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार की धर्मपत्नी का निधन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक कि धर्म पत्नी 75 वर्षीय मानमती देवी का मंगलवार की सुबह देहांत गया। वे पिछले एक वर्षों से बेड पर थी। मौत की खबर सुनते ही उनके पैतृक गांव खरौंधी प्रखंड के तोरेलावा में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार गांव के पांडा नदी के संगम तट पर किया गया। उनके मौत की खबर पर विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, पत्रकार विनोद कुमार पाठक, पत्रकार जितेंद्र सिंह, नवीन गुप्ता, सोनू चौबे, धीरेंद्र चौबे, रजनीश मंगलम, पुटून राउत, सतीश ठाकुर, विजय सिंह, संजय पांडेय, दयाशंकर पाठक सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

## डीएवी में दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में दसवीं क्लास के बच्चों का विदाई समारोह धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर निदेशक सुशील केसरी और प्राचार्य गुलाम सरवर, पूनम केसरी, मिथिलेश सिन्हा, अंजनी सिंह, आरती देवी, ओम प्रकाश शर्मा आदि ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक सुशील केसरी ने दसवां क्लास के बच्चों की विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी और कहा कि आप अच्छा करते हुए अपने माता-पिता की सेवा अवश्य करें।

## संस्था लगातार चला रही है गरीबों के लिए भंडारा




गढ़वा (आजाद सिपाही)। सोशल वर्कर संस्था के द्वारा रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के पास प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक भंडारा चलाया जा रहा है। जिसका 12वां सप्ताह भी सफल रहा भंडारे में प्रसाद स्वरूप पूड़ी सब्जी और बुंदिया का वितरण किया गया। इस दौरान चंदन जायसवाल ने कहा कि गरीबों को भोजन और दान करना एक पुनीत कार्य है।




# मेराल में लोहे की प्लेटों से दब कर मजदूर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** एनएच 75 फोरलेन निर्माण में मेराल थाना मुख्यालय में चल रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार के दोपहर करीब 3:30 बजे 7 नं पिलर के शटरिंग खोलने के दौरान लोहे के प्लेट में दबने से घायल मजदूर की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार पिलर में लोहे के फिक्स शटरिंग में लगे जक को खोलने के लिए दो मजदूर लगे थे, सभी जक ढीला करने के बाद हाईडरा से लोहे का पलेटा निकाला जा रहा था। इस दौरान दोनों मजदूर पिलर में लगा शटरिंग के ऊपर से ही लोहे के पलेटा को निकलवा रहे थे। ऊपर का पलेटा निकलते ही अचानक उसके नीचे का पलेटा नीचे सरक गया, जिससे अशोक गांझू नामक मजदूर का गर्दन पलेटा से सटे पाइप में दब गया। अपने साथी को दबने पर दूसरा मजदूर उसे तुरंत पकड़ लिया। लोगों ने बताया कि हादसे के बाद दोनों मजदूर करीब बीस मिनट तक पिलर के ऊपर ही लटके रहे। बाद में दूसरा हाईडरा से पलेट को ऊपर कर जेसीबी से अन्य मजदूरों द्वारा उसे नीचे लाया गया। नीचे उतारने के बाद तुरंत अन्य मजदूरों ने उसे सीएचसी में भर्ती किया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र राम ने उसके नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद वहां के मजदूरों ने काम बंद कर दिया। जानकारी के अनुसार अशोक गंजू चतरा जिले का रहने वाला है।

# अबुआ आवास सूची के साथ छेड़छाड़ को लेकर मुखिया संघ आक्रोशित, ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** अबुआ आवास के प्राथमिकता सूची में छेड़छाड़ करने को लेकर मंगलवार को प्रखंड सभागार में मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी मुखिया ने एक स्वर में अबुआ आवास के प्राथमिकता सूची में की गई छेड़छाड़ को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक के बाद लोगों ने उपायुक्त के नाम बीडीओ जागो महतो को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की गयी। दिये गये आवेदन में ग्राम सभा द्वारा प्राथमिकता सूची के आधार पर आवास का लाभ योग्य लाभुकों को देने की मांग की गयी है। कहा गया है कि यदि ग्राम सभा के प्राथमिकता सूची के अनुसार योग्य लाभुकों को लाभ नहीं दिया जाता है, तो भविष्य में हम सभी जनप्रतिनिधि कोई भी ग्राम सभा का विरोध करेंगे। मौके पर उप प्रमुख निजाम खान, मुखिया प्रतिमा देवी, रामप्रताप साव, फूलमंती देवी, सुरेश पासवान, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, जगजीवन राम, शंभू राम, दिलजान अंसारी, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज राम, रविंदर गुप्ता सहित कई लोग थे।

# तुलसी डामर खदान के मजदूर 12 को पैदल मार्च कर अपने आक्रोश को व्यक्त करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** आगामी 12 फरवरी को तुलसी डामर खदान के सभी मजदूरों का बकाया मजदूरी और भवनाथपुर खदान समूह के खदान चालू कर विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराने के सवाल पर श्री बंशीधर नगर में पैदल मार्च किया जायेगा। प्रेस सम्मेलन में जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे ने बताया कि पैदल मार्च गोसाई बागी से प्रारंभ होकर पूरे शहर होते हुए अनुमंडल मैदान पहुंचेगी, जहां वह सभा के रूप में परिवर्तित हो जायेगा। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी से बंशीधर नगर को पत्र प्रेषित कर को गढ़वा जिला अंतर्गत सेल बीएसएल द्वारा संचालित भावनात्मक खदान समूह के तुलसी दामाद दोनों मन खदान का खनन पट्टा विस्तार देकर खदान चालू करने टूटी पूर्ण किये गये रिट्रेंचमेंट प्रक्रिया में सुधार कर लेंथ और सर्विस के अनुसार तुलसी डामर खदान के सभी प्रकार के मजदूरों का लाभ देने तथा भगवानपुर खदान समूह के खदान चालू करने के बाद की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंटर का नेता सुशील चौबे ने कहा कि हम सब डोलोमाइट खदान को चालू करने के लिए पिछले कई वर्षों से मांग करते आये हैं, परंतु कई बहाने बनाकर उसको अभी तक चालू नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि मजदूरों के काम किया हुआ मजदूरी भी बाकी है, जिसका भुगतान करने का आश्वासन पूर्व के बैठक में मिला है, परंतु इन पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाने कारण हम सब 12 फरवरी को पैदल मार्च कर अपने आक्रोश को व्यक्त करेंगे। मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे, इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष बबन पासवान उपस्थित थे।

# सड़क में घटिया सामग्री लगाये जाने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडारिया में जो पलामू जिला को जोड़ने वाली भीम बराज मुख्य अप्रोच सड़क में घटिया सामग्री लगाये जाने पर ग्रामीण और राजगीरों ने विरोध जताया है। बताते चलें कि भीम बराज पुल बन जाने के लगभग 10 वर्षों तक एप्रोच सड़क के लिए राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उसके बाद जिला अनाबद्ध योजना अंतर्गत भंडारिया मुख्य पद से भीम बराज तक लगभग 62 लख रुपये की लागत से बनने वाली 61 मीटर अप्रोच सड़क का शीलान्यास क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा 16 जनवरी को शिलान्यास किया गया था। उसके बाद संवेदक के द्वारा कार्यों को प्रारंभ किया गया है जिसमें मोरंम का उपयोग करते हुए पानी का डालना है और वाइब्रेट रोलर मशीन चलाना है। लेकिन मोरम के जगह मिट्टी युक्त बालू डाला जा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीण राजेश्वर सिंह उर्फ गिरवर सिंह, रामयश सिंह, अंजनी सिंह, विकास कुमार एवं राहगीर राम अवतार पाल, रामप्रसाद पाल, ज्ञानचंद, सुदामा, अजीत सहित दर्जनों लोगों ने इसका विरोध जताया। इस दौरान राजेश्वर सिंह, अंजनी सिंह सहित अन्य लोगों ने कहा कि कई वर्षों बाद यह अप्रोच सड़क बनाया जा रहा है, जो संवेदक के द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। लोगों ने कहा कि संवेदक द्वारा मैन्युअल रोलर मशीन चलाया जा रहा है यह सड़क बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क है, जो कांडी, बरडीहा और मझिआंव प्रखंड सहित इर्द-गिर्द के हजारों लोगों को मोहम्मद गंज रेलवे स्टेशन पहुंचने में काफी सहूलियत होता है। जबकि दोनों तरफ पानी का भी निकास है, जिससे मिट्टी युक्त मोरम डालने से सड़क फट जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह का घटिया कार्य करना कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लोगों ने मीडिया के माध्यम से सड़क से संबंधित पदाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा कि यह सड़क सही से बनवाया जाये।

## फलेरिया उत्पत्ति-प्रसार की रोकथाम के लिए 10 से 25 फरवरी तक चलेगा अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज़िला शिक्षा अधीक्षक के निर्देशानुसार आज शिक्षा विभाग द्वारा एमडीए को लेकर जिले के सीआरपी, बीआरपी, हेड मास्टर का वर्चुअल रूप से बैठक किया गया। वर्चुअल बैठक में ज़िला वीबीडी सलाहकार अरविंद द्विवेदी द्वारा फलेरिया उत्पत्ति और प्रसार, 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले अभियान जिसमें आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य सहिया के द्वारा सेवन कराने की जानकारी दी गयी। मीटिंग में कहा गया कि यह दवा स्कूल में बच्चों को मध्याह्न भोजन खाने के बाद ही खिलाना हैं। 10 फरवरी को आंगनबाड़ी, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इत्यादि पर बूथ लगाकर खिलाया जायेगा। फाइलेरिया रोग का उन्मूलन करने के लिए 11 तारीख से घर-घर इसका सेवन स्वास्थ्य कर्मी द्वारा कराया जायेगा। स्कूलों में रंगोली, मानव श्रृंखला, क्विज और निबंध प्रतियोगिता इत्यादि कराकर फाइलेरिया की जानकारी दिया जायेगा और स्कूल में संचालित गोष्ठी, पैरेंट टीचर मीटिंग इत्यादि में फाइलेरिया की जानकारी देने का आग्रह किया गया। इस वर्चुअल मीटिंग में जिले के सीआरपी, बीआरपी, हेड मास्टर, पिरामल फाउंडेशन टीम सहित 150 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।








## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा गढ़वा में सत्य अहिंसा और सदाचार के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, विद्यालय के पदाधिकारी गण सहित सभी शिक्षक गण ने संयुक्त रूप से महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी सादा जीवन जीते थे और हमेशा लाइमलाइट में आने से बचते थे। इसके बावजूद उनकी गिनती विश्व के गिने-चुने महापुरुषों में होती है। इसका मुख्य कारण यह है कि वे खुद पर विश्वास करते थे। उनका मानना था कि देश को आजाद कराने की उन पर एक बड़ी जिम्मेदारी है और उन्होंने इसे अपने विश्वास के दम पर पूरा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक प्रमोद कुमार झा, संतोष पांडेय, दीपक पांडेय, विकास तिवारी, रोशन दुबे, रंजीत, बृजेश, अनूप सहित विद्यालय की अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार में आज शहीद दिवस के अवसर पर अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर उनके बलिदानों को याद कर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 30 जनवरी को हम शहीद दिवस के रूप में मनाते है।

## चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक



मेराल (आजाद सिपाही)। चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर मेराल के दोनों मंडलों की बैठक मेराल हाई स्कूल के स्टेडियम में हुई। मेराल दक्षिणी मंडल प्रभारी सूरज गुप्ता और उत्तरी मंडल प्रभारी राजीव राज तिवारी की उपस्थिति में हुई बैठक में गांव चलें अभियान को तेज करने के लिए पार्टी के द्वारा सभी गांव में एक एक संयोजक बनाया गया। अभियान के तहत भाजपा नेता से लेकर प्रमुख कार्यकर्ता रात्रि विश्राम से लेकर 24 घंटे गांव के बूथों पर बितायेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, महेंद्र सिंह, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मनोज चौधरी, कंचन पांडे, अमित, नरेश, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो और चंद्रमणि सहित कई लोग शामिल थे।









आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## कांग्रेस कार्यालय में मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि




**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वें पुण्य तिथि मनाया। पुण्य तिथि के मौके पे अध्यक्षता कर रहे कुमार व उपस्थित कांग्रेसियों ने बारी बारी से राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कुमार ने कहा कि आज के दिन इतिहास में देश को सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए आजादी दिलाने वाले प्रमुख, स्वतंत्रता सेनानी मोहनदास करमचंद गांधी की पुण्यतिथि के तौर पर हमेशा के लिए दर्ज है साल 1948 में आज के दिन ही यानि 30 जनवरी के दिन ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। तब से प्रत्येक 30 जनवरी को शहीद दिवस के तौर पर मनाते है। महात्मा गांधी ने ही सत्याग्रह व अहिंसा के माध्यम से ब्रिटिश शासन खत्म करने का कार्य किया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज,साल्वे मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजिव भगत,एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम, मो हदीस, मो रशीद, मुन्ना उरांव, लाल आशिस नाथ शहादेव, जगदीश उरांव, मो जफरूद्दीन, मुकेश राम, निरंजन यादव, मो तबारक सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## गांव चलें अभियान कार्यक्रम को लेकर बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे हैं गांव चले अभियान कार्यक्रम के निमित्त मंगलवार को पार्टी के मंडल कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जहां बैठक के प्रभारी के रूप में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता रामधनी सिंह ने शिरकत की। बैठक में जहां मंडल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले गांव में जाकर गांव चलो अभियान कार्यक्रम को चलाने पर चर्चा करते हुए पंचायत स्तर पर प्रभारी को नियुक्त करते हुए जवाब दे ही दी गई। वहीं कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यालय में 3 फरवरी को फिर से बैठक बुलाई गई है जिसमें 4 फरवरी से शुरू होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी। मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंजू सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव उपेंद्र प्रसाद ओपी, ननदेव सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रखंड मनरेगा संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र और कमलेश बने सचिव

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में प्रखंड के मनरेगा कर्मियों की बैठक का आयोजन संघ के गठन करने को लेकर किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रभारी बीपीओ त्रिवेणी राम के द्वारा की गयी। वही प्रखंड स्तरीय संघ चुनाव करने को बैठक करते हुए सर्वसम्मति से कमेटी का गठन करने का काम हुआ। जिसमे संघ का प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पासवान को जबकि सचिव कमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार कोषाध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद और जितेंद्र रजक उपसचिव शिवमोहन उरांव, मीडिया प्रभारी रविकांत, संरक्षक सुधीर कुमार रवि को बनाया गया है। वही कार्यकारिणी व सलाहकार समिति में त्रिवेणी राम, परमेश्वर प्रसाद, सुशीला तिर्की, अरविंद कुमार, अरुण कुमार, सुरेंद्र उरांव, प्रीति देवी, राजेश्वर उरांव, सुरेश सिंह, संजय कुमार, राव संदीप, कुमार विजय सिंह समेत अन्य शामिल हैं ।











## लोहरदगा से सामने आयी शर्मनाक घटना

# मासूम के शव को नोच रहे थे कुत्ते

**लोहरदगा में नवजात शिशु बालिका का शव बरामद, अज्ञात पर कन्या भ्रूण हत्या को लेकर मामला दर्ज**




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के मैंना बगीचा स्थित हिंडालको डंपिंग यार्ड के निकट झाड़ियां से मंगलवार को नवजात शिशु का अभी अविकसित शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शिशु के शव को आवारा कुत्ते नोच रहे थे शव को कुत्ते नोच कर विभत्स बना दिया था।

मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना की सूचना पर तत्काल सदर थाना की पुलिस ने पहुंचकर शिशु के शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों की टीम द्वारा नवजात शिशु का पोस्टमार्टम किया गया। डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया गया। बताया गया कि, नवजात शिशु बालिका की थी। घटना को कन्या भ्रूण हत्या से लेकर देखा जा रहा है। इस संदर्भ में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि, मैंना बगीचा स्थित झाड़ियां से पुलिस ने अविकसित नवजात बालिका शिशु के शव को जप्त किया है। शिशु के शव का पोस्टमार्टम कर डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया गया है।

मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के पीछे के सफेदपोश नर पिशाचों को चिन्हित करने के लिए पुलिस संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि, फिलहाल इस घटना में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले में शामिल संदिग्ध व्यक्तियों और पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

## अभाविप ने सीएम हेमंत सोरेन का पुतला फूंका

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने मंगलवार को झारखंड जेएसएससी सीजीएल 3 के पेपर लीक मामले को लेकर शहर के लोहरदगा बरवा टोली चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस बाबत विभाग संयोजक अंकित कुमार ने बताया कि हेमंत सरकार झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं दूसरे तरफ गरीब मजदूर के बच्चे दिन-रात एक करके पढ़ाई करते हैं और अपने घरों से 100 से 300 किलोमीटर दूर जब परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचते हैं और परीक्षा देकर बाहर निकलते हैं पता चलता है की परीक्षा का प्रश्न पत्र पहले से ही लिक हो गया है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू ने कहा झारखंड सरकार से मांग करती है की परीक्षा को रद्द करके पुनः फिर से परीक्षा आयोजित करवायी जाये।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटे सामान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार तथा चैनपुर में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार और सीआरपीएफ महानिदेशालय तथा झारखण्ड सेक्टर, सीआरपीएफ के निदेर्शानुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी, रोशन कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट तथा आशिक अली, सहायक कमाण्डेन्ट, 158 बटालियन, सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार नि:शुल्क फर्टिलाइजर, टिन शीट, सोलर लालटेन, मच्छरदानी, कंबल, प्लास्टिक बकेट, स्कूल बैग तथा खेलकूद के सामान वितरित किये गए। इसके अतिरिक्त वहां पर डॉ. रंजीत कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मेडिकल केम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा मुफ्त की दवाईयां बांटी गयी तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी की गयी। इस कार्यक्रम को राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट - 158 बटालियन सीआरपीएफ की देखरेख में ही संपन्न किया गया। राहुल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से न सिर्फ हम जरूरतमंद ग्रामीणों को बुनियादी जरुरत की चीजें उपलब्ध कराते हैं बल्कि प्रेरणादायी विषयों पर लघु फिल्मों को प्रदर्शित कर हम क्षेत्र की जनता विशेषकर युवापीढ़ी और छात्रों को देशभक्ति के लिए प्रेरित भी करते हैं।

## शहीदों की याद में रखा गया दो मिनट का मौन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के निदेश पर समाहरणालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमण्डल दण्डाधिकारी अमित कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## बीडीओ ने विकास योजनाओं को लेकर बैठक की

**भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने विकास योजनाओं का साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने पहले प्रखंड में चल रहे मनरेगा योजना का समीक्षा पंचायतवार किया। जिसमें सभी आधा अधूरा मनरेगा योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश उपस्थित सभी मुखिया,सचिव एवं अभियंताओं को दिया। साथ ही अधूरे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मनरेगा द्वारा बिरसा सिंचाई कूप का निर्धारित लक्ष्य मानसून के पूर्व पूरा करने, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का निर्धारित लक्ष्य मानसून के पूर्व पूरा करने, मनरेगा जॉब कार्ड से आधार लिंक शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा बीपीओ अभिषेक किशोर, सहायक अभियंता तनुश्री, कनीय अभियंता रेहान अंसारी, रविशंकर भगत, सहित मुखिया, सचिव उपस्थित थे।

# पिकअप पलटने से भाई-बहन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** कंडरा से कोराम्बे जाने वाले पथ पर देर शाम नया टोली के समीप पिकअप मालवाहक पलटने से भाई बहन की मौत और दो महिला को आयी गंभीर चोट। एम्बुलेंस 108 से भेजा गया सदर अस्पताल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा सिसई मुख्य पथ पर कोराम्बे नया टोली ग्राम स्थित उमेश तिवारी के घर के समीप पिकअप जेएच 01 बीडी 9768 के पलटने से वाहन में दबने से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहें भाई बहन की मौत हो गयी। मृतक स्व. दशरथ उरांव के पुत्र शक्ति उरांव एवं बहन आशिका कुमारी की मौत होने की पुष्टि किया गया। जबकि घर के पास बैठे दो महिला विरेंद्र उरांव की पत्नी फूलो देवी और स्व. दशरथ उरांव की पत्नी विप्ती उरांव



घायल हो गयी। बताया जाता है कि बच्चें ट्यूशन पढ़कर घर के पास ही पहुंचे थे की तेज रफ्तार से पिकअप वाहन कंडरा से कोराम्बे की ओर जा रहा था। तभी पिकअप वाहन अनियंत्रित हो कर पलट गया। घायल को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। घटना की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी अभिनव कुमार एसआइ गणेश कुमार यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच वाहन को कब्जे में ले सेंन्हा थाना लाया गया और पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गयी।

# ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर होगा आंदोलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित की गयी। जहां बैठक की अध्यक्षता विकटर केरकटा ने की। बैठक में मुख्य रूप से मौके पर उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सचिव अली हसन अंसारी ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन केचकी में यात्री सुविधा अंतर्गत फुट ओवर ब्रिज बनाने के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टिकोण से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव करने पर चर्चा करते हुए आंदोलन करने का आह्वान किया। जिसमें सभी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी ने सहमति जताते हुए रेलवे को अल्टीमेटम देने का फैसला लिया। विकटर केरकटा ने बताया कि लंबे समय से रेल यात्रियों के द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और फुट ओवर ब्रिज की मांग की जा रही है। परंतु रेल अधिकारियों के द्वारा इस पर कोई सार्थक कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस दौरान मौके पर दीनानाथ राम, वी श्रीवास्तव मुस्लिम खान, सरफराज अंसारी, अलाउदीन खान, कृष्णा साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लातेहार के जंगलों में छापेमारी

# केन बम बरामद, किया डिफ्यूज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह / लातेहार।** लातेहार के जंगलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के द्वारा छापेमारी करने के दौरान एक केन बम बरामद किया गया है। सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली थी कि मोरवाईकला पंचायत के सैदुप ग्राम के माछरखंडा नदी जंगल के समीप में केन बम छिपा कर रखी गयी है। वहीं इसके साथ ही लातेहार पुलिस अधीक्षक से सूचना मिलने पर विस्तृत चर्चा करते हुए। 11 बटालियन के द्वितीय कमान विनोद कनोजिया के नेतृत्व में ई/11 बीए सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक केन बम जो लगभग 5 किलो ग्राम का बताया जाता है। जिसे हमारी टीम ने बरामद किया और कुछ ही समय के बाद उसे



निरस्त कर दिया गया। इस तरह से लातेहार पुलिस और सीआरपीएफ 11 बटालियन की टीम की गठजोड़ से लातेहार जिला में नक्सलियों का सफाया निरंतर किया जा रहा है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन और सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में सघन अभियान चलाये जाने का बेहतर नतीजा दिखायी पड़ रहा है। नक्सली आये दिन अपने सिपाही और हथियार से कमजोर होते जा रहे हैं। वहीं श्री त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा जब तक नक्सलियों का सफाया नहीं हो जाता है।

# सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा भारतीय सेना में अग्निपथ स्कीम के जरिये भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दिये जाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका होता है। जो भारतीय थल सेना में जाना चाहते हैं उनके लिए आज यह कार्यक्रम रखा गया है। सेना में आप जाकर अपने समाज, जिला व राज्य का नाम रौशन कर सकते हैं। कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय, रांची की ओर से क्विज व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भारतीय सेना से जुड़े तथ्यों की जानकारी दी



गयी। कर्नल विकास भोला ने अग्निवीर स्कीम के जरिये सेना में बहाली की प्रक्रिया, अभ्यर्थी की योग्यता, आवेदन की प्रक्रिया, सेवाकाल के दौरान मिलनेवाले लाभ आदि की जानकारी दी। सेना भर्ती कार्यालय, रांची की ओर से उपायुक्त, लोहरदगा को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, समेत अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का लोकार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव और विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा संयुक्त रूप नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रांगण मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा का लोकार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लोकार्पण के उपरांत सभापति संतोष उरांव के द्वारा विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय की स्थापना के मूलभूत उद्देश्यों में महात्मा गांधी के विचारों को ही मुख्य रूप



प्राथमिकता दी गयी थी। आज उनके प्रतिमा को स्थापित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ प्रसाद पासवान ने बताया कि विद्यालय में राष्ट्रपिता के प्रतिमा को स्थापित करने से बच्चों को उनके विचारों को आत्मसात करने मे सहायता मिलेगी। लोकार्पण के समय विद्यालय के समस्त शिक्षक, प्रशिक्षक, प्रशासी पदाधिकारी के अलावा समस्त विद्यालय कर्मी उपस्थित रहें।












वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# राहुल गांधी के धनबाद आगमन पर बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददात

**धनबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे आगामी 3 - 4 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से आरंभ होकर मुंबई तक जायेगी जो 3 फरवरी के रात मे धनबाद पहुंच रही है राहुल गांधी के स्वागत एवं न्याय यात्रा के सफलता लिए बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि धनबाद जिला में राहुल गांधी जी का स्वागत एवं भारत छोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा, पार्टी के नेताओ एवं कार्यकताओं के साथ-साथ धनबाद जिला के कोने-कोने से लोग शामिल होंगे, एवं राहुल गांधी का स्वागत कर उनकी बातों को सुनेंगे राहुल गांधी मन की नहीं बल्कि आम जनों की बात धनबाद जिला के आमजनों के साथ करेगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश का कोने-कोने में भरपूर समर्थन मिल रहा है, चाहे मणिपुर हो या नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और आगामी 2 फरवरी को झारखंड प्रदेश के पाकुड़ जिला मे प्रवेश करेगी एवं तीन एवं चार फरवरी को धनबाद मे राहुल गांधी की न्याय यात्रा प्रस्तावित है।

बैठक मे से मदन महतो, शमशेर आलम, उपस्थित थे।

### आरबीआइ ने किया बैंकों के एमएसएमइ शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण की कार्यशाला

# एमएसएमइ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक : प्रेम रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आरबीआइ रांची कार्यालय द्वारा धनबाद जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरबीआइ झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर का निर्माण करता है। एमएसएमई ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक हैं एवं सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के



पूरक भी हैं और द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र के पूरी पारिस्थितकी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे सिंह ने यह भी कहा कि एमएसएमई क्षेत्र द्वारा अर्थव्यवस्था में उत्तरोत्तर महत्वपूर्ण योगदान हेतु भौतिक बुनियादी ढांचागत बाधाओं, प्रौद्योगिकी अपनाने में विलंब, क्षमता निर्माण, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक के बीच की कड़ी, ऋण और जोखिम पूंजी तक पहुंच की कमी, और इनके साथ-साथ देरी से भुगतान जैसी चुनौतियों से सक्षम रूप से निबटना जरूरी है। इसलिए उन्होने बैंककर्मियों को उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर समुचित ऋण देने को कहा। इसके अलावे उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला से विभिन्न जिलों में कार्यरत एमएसएमई शाखाओं के अधिकारीगण लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों को एमएसएमई संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, सिडबी, एमएसएमई-डीएफओ, भारतीय स्टेट बैंक इत्यादि के वरीय अधिकारियों ने संबंधित विषयों पर सत्रों में सहभागिता की। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के उपमहाप्रबंधक एवं प्रबंधक भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के साथ साथ राज्य में उपस्थित अन्य प्रमुख बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के 32 अधिकारी सम्मिलित हुए ।

## शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज सुबह समाहरणालय में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, सामान्य शाखा के असलम परवेज, आलोक झा, सविता हलदर, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा, स्थापना विभाग के शौकत अंसारी, राजस्व विभाग के कार्यालय अधीक्षक एमएस तनवीर, मोहम्मद सोहराब, भू-अर्जन विभाग के महेंद्र पाल साव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न शाख के कर्मी मौजूद थे।

## अबुआ आवास का लाभुकों के चयन में ग्राम सभा को प्राथमिकता दी जाये: जयलाल



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिला के सभी प्रखंडों में अबुआ आवास योजना में लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया था और जिला में सभी प्रखंडों में अबुआ आवास योजना सूची उपलब्ध कराया गया है अब लोगों का कहना है कि ग्राम सभा में पूर्व में मिले आवास एवं आयोग्य लाभुकों का नाम अब वह आवास योजना में हटाया गया है लेकिन उक्त उपलब्ध सूची में ग्राम सभा का अवहेलना करके सभी आयोग्य लाभुकों का नाम भी शामिल है प्रखंड द्वारा उपलब्ध कराए गये अबुआ आवास की सूची में प्रखंड कार्यालय द्वारा फेर बदल किया गया है बोकारो जिले के सभी प्रखंडों के मुखिया प्रखंड द्वारा उपलब्ध सूची से असंतुष्ट हैं इसी को लेकर मुखिया जिला संघ के जिला अध्यक्ष जयलाल महतो के नेतृत्व में अजय रजवार कालीपत सिंह वनिता देवी कुमारी किरण महतो बबीता कुमारी श्याम पद गोराई किरण महतो चंद्रशेखर नायक संगठन सचिव सहित विभिन्न प्रखंडों के मुखिया का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला।

# शहादत दिवस पर शांति सद्भावना मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहीद दिवस के मौके पर गांधी के आदर्शों को याद कर करने व उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए बिरसा चौक नया मोड़ से गांधी चौक तक शांति सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया। बोकारो जिला सर्वोदय मंडल, बोकारो कर्मचारी पंचायत व जयप्रकाश स्मारक समिति के बैनर तले आयोजित मार्च में शामिल लोग सादे खादी कुर्ता, पैजामा, धोती व गांधी टोपी पहने हाथ में गांधी के विचारों का तख्ती लिये शांतिपूर्ण चलकर गांधी चौक पहुंचे जहां गांधी जी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी व उनके मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता



महात्मा गांधी ने आजादी की जंग अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीती। उन्होंने असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, भारत छोड़ो आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन के जरिए पूरे देश को एकजुट किया और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। खास बात ये है कि उन्होंने सत्य, अहिंसा, शांति, सद्भावना और आदर्शों के मार्ग पर पूरा जीवन चलते हुए दुनिया को इन आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। हालांकि देश को गणतंत्र बनते वह न देख सके और 30 जनवरी उनकी हत्या देश द्रोही गोडसे ने कर दी। पर आज सत्ताधारी लोग उन्हें मिटाने पर तुले हुए हैं। वे गांधी का नाम तो लेते हैं पर उनके विचारों व मार्गदर्शन के खिलाफ काम करते हैं। मार्च में मनोज भारतीय, महावीर कुमार, राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, राजीव भूषण सहाय, प्रति रंजन दास, महावीर महतो, बंशीलाल साह, सत्यनारायण राय, संतोष ठाकुर, प्रदीप कुमार, एम आर महतो, ललन प्रसाद सिंह, गोलू कुमार, आयुष कुमार आदि शामिल थे।

# राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कि और कहा राष्ट्रपिता के विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। देश को आजाद करने में उनके अतुल्य योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, बीयाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, गोपाल जी व अन्य मौजूद थे। दूसरी और महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को लेकर सिविल



सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने आज स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान की थीम कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना की शपथ दिलायी। साथ ही टाटा स्पर्श टीम कि आइईसी वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वर्ष अभियान की थीम कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना रखा गया है। इस दौरान पंचायत, आंगनबाड़ी तथा विद्यालयों में कुष्ट रोग से संबंधित संदेश पढ़ कर कुष्ट रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा, तथा कुष्ट निवारण हेतु अपना योगदान देने की प्रतिज्ञा दिलायी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान कुष्ठ रोगियों के बीच एमसीआर चप्पल एवं सेल्फ केयर किट का वितरण किया गया। मौके पर डॉ सुनिल कुमार, डीआरसीएचओ डॉक्टर रोहित गौतम, जिला कुष्ट रोग पदाधिकारी डॉ मंजु दास, जिला स्वास्थ्य समिति के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, टाटा स्पर्श के प्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण
शुद्धि सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–256(अनु०) दिनांक 24.01.2024 पी०आर० संख्या– 316902 (भवन)2023–24D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–49/2023–24, जिसका बिक्री दिनांक 31.01.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं प्राप्ति दिनांक 01.02.2024 को 3.00 बजे तक है, के क्रमांक 19 में अंकित प्राक्कलित राशि 13,68,900/– के स्थान पर 17,04,600/–, अग्रधन की राशि 27,400/– के स्थान पर 34,100/– एवं परिमाण विपत्र का मूल्य 2500/– के स्थान पर 5000/– पढ़ा जाय। निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 317352 Building(23-24).D


# टाटा फाउंडेशन की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददात

**टूंडी।** शिबू सोरेन इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में टुणडी प्रखंड के किसान उपस्थित हुई किसान गोष्ठी में किसानों के द्वारा उत्पादित वस्तुओं का भी प्रदर्शनी लगाया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार टाटा स्टील फाउंडेशन, यूनिट प्रमुख उपस्थित थे, रतनपुर पंचायत के मुखिया शहादत अंसारी, फूलचंद किसको उप मुखिया संतुलाल किस्कु, जिला पौधा संरक्षण पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा जिला पशुपालन पदाधिकारी आलोक सिंहा ने किसानों के समक्ष अपना विचार व्यक्त किए एवं किसानों की आमदनी को कैसे दुगना किया जाए




इस पर पूरा अपना विचार व्यक्त किया तथा फसल में लगने वाले बीमारी तथा उससे बचाव के बारे में बताएं जिला पशुपालन पदाधिकारी आलोक सिन्हा ने किसानों को सरकार के द्वारा मिलने वाले अनुदान एवं सरकार किसानों को क्या-क्या नयी-नयी योजनाएं दे रही है इसके बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की शुरूआत टाटा स्टील फाउंडेशन के अमित कुमार अनल ने किया। इस तरह से 25 किसानों को पुरष्कृत किया गया जहां पर टाटा स्टील फाउंडेशन के सभी कम्युनिटी वर्कर कालेश्वर, सगेन वसकी दिलीप कुमार श्रोती हेंब्रम अनीता हेंब्रम संतोष कुमार राय कृपाल कुमार गोपाल महतो नन्द किशोर आरुण कुमार महतो कांटीलाल मनोज कुमार, मैं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हम भूमिका निभाई ।

## भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए गांधी के रास्ते चलना होगा : दीप नारायण सिंह



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी जी के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि ग्राम स्वराज की स्थापना और भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए हमलोगों को गांधी के बताए रास्ते पर चलना होगा। गांधी जी अहिंसा के रास्ते चल कर देश को आजादी दिलाई। आज इनके पुण्य तिथि के अवसर पर हम सब भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए शपथ लें। इस अवसर पर जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ धनबाद जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ धनबाद जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जमशेद अंसारी, राजेश शर्मा, शब्बीर अंसारी, सुभाष सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## हाइवा की चपेट में आने से प्रदीप भुइयां की हालत गंभीर



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र सिंह नगर में सोमवार को हाईवा की चपेट में आने से घायल प्रदीप उर्फ भोमा भुइया की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जहां एसएनएमएमसीएच धनबाद के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया है। इधर ट्रांसपोर्टर से बेहतर इलाज व मुआवजा न मिलने से नाराज गुस्साए लोगों ने सड़क पर ही घायल को खाट पर लेटाकर सिंहनगर स्थित झरिया –केदुआ मार्ग को 2 घंटे जाम कर दिया।लोग घायल का बेहतर इलाज करने हेतु उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। जाम कर रहे हैं लोगों का कहना है कि राजापुर मार्ग में चलने वाले हाईवा ने भोमा को धक्का मार फरार हो गया। पर ट्रांसपोर्टर व पुलिस इस घायल के इलाज के लिए मुआवजा नहीं दिला रही है। जबकि सोमवार को सड़क जाम के दौरान झरिया पुलिस ने बेहतर इलाज के लिए मुआवजा दिलाने वाला का आश्वासन दिया था। पर पुलिस ने उसका बेहतर इलाज करवाने की ओर पहल नहीं की।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice(3rd Call)

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 11 /2023-24
Date:: -29-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Boundary wall of Upgraded High School Kharna, Bishnugarh, Block- Bishnugarh Dist-Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9841353/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 01-02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 08-02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 317318 Building(23-24)#D


## मुस्कान एक प्रयास संस्था का खुला कार्यालय, छमछम देवी ने किया उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मुस्कान एक प्रयासके केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन आजनिराशा स्थित काली माटी खुदियानिरशा में किन्नर समाज झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी झारखंड चुनाव आयोग की ब्रांड अंबेसडर श्वेता किन्नर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी धनबाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉक्टर संतोष राय द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया, मौके पर, मुस्कान एक प्रयास के केंद्रीय सचिव श्वेता किन्नर एवं छम छम देवी के द्वारा अत्यंत निर्धन असहाय गरीब बच्चों को कॉपी किताब कट पेंसिल स्कूल बैग 60 बच्चों को वितरित किया गया, वहीं ठंड को देखते हुए गरीब एवं लाचार वृद्धि महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया, अतिरिक्त शिक्षा हेतु साप्ताहिक क्लास का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें से शिक्षक सागर ठाकुर, अजीत कुमार के द्वारा सप्ताह में दो दिनों का मुफ्त योगदान दिया जायेगा, पतंजलि योग शिक्षक शाह धनबाद जिला अध्यक्ष मनोज सिंह के द्वारा संस्था के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। मौके पर संजय चौहान, मुस्कान एक प्रयास के जिला अध्यक्ष काजल बारी जिला सचिव रणजीत मोदी मीडिया प्रभारी मुकेश बरनवाल भूलन बावरी, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार की गीता सिंह भाजपा नेता रोमा मुखर्जी, सहित 100 सो से अधिक वृद्ध महिला पुरुष इस प्रोग्राम में शामिल हुए।

## मीना हेंब्रम के पुत्र की शोकसभा में पहुंचे

**टुंडी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला महिला मोर्चा के अध्यक्षा सह जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम के बड़े पुत्र शिवम कुमार की आकस्मिक निधन होने पर आज शोक सभा में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार महतो अपने सभी समर्थकों के साथ उनके बरियारपुर स्थित आवास पहुंचे और परिवार वालों के साथ मिलकर दुख व्यक्त किया। मौके पर झामुमो धनबाद जिला के संगठन सचिव मदन महतो, टुंडी बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, जिला सह सचिव फूलचंद किस्कू, बाबूशर हेंब्रम, हरिलाल हेंब्रम, अभिराम मुर्मू, रविंद्र मुर्मू ,कृष्णा मंडल समेत सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित हुए और इस दुखद घटना पर दु:ख व्यक्त किया।

### महुदा मोड़ में कांग्रेस का कार्यकर्त्ता मिलन समारोह संपन्न

# दूल्लू पर आय से अधिक संपत्ति पर केंद्रीय एजेंसिया खामोश, केवल विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई : शेख

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा स्थित स्व बिनोद बिहारी महतो चौक के समीप कांग्रेस नेता शेख गुड्डू के नेतृत्व में एक कार्यकर्त्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ से पूर्व शेख गुड्डू ने स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में भाजपा विधायक के समर्थको ने भाजपा छोड़ शेख गुड्डू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में आस्था रखते हुये सदस्यता ग्रहण किये। वहीं सदस्यता ग्रहण किये तमाम युवाओं को शेख गुड्डू ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस क्रम में क्षेत्र के सेकड़ो आम जनता सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। इस बीच उन्होंने पार्टी कार्यकर्त्ता एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा की जनता पिछले कई वर्षों से विधायक ढूलु के अत्याचारों को झेला हैं, उसका परिणाम हैं, की उनके समर्थक आज उनके साथ छोड़ रहे हैं। वे बाघमारा के जनता का ही नही



बल्कि अपने पार्टी कार्यकर्त्ता का भी शोषण किया हैं। लेकिन अब बाघमारा की जनता जाग चुकी हैं, क्यूंकि झारखंड में आईएनडीआईए की गठबंधन की सरकार हैं। इस सरकार में उनका गुंडा राज किसी भी कीमत में नहीं चलने दिया जायेगा। हमने रघुवर सरकार के समय भी विधायक ढूलु से लोहा लेने का काम किया हैं। मैंने इससे पहले भी उन्हें बाघमारा छोड़ने पर मजबूर किया हैं, और अब भी कर सकता हूं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के जरिये हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तरह तरह के हथकंडे अपना कर परेशान किया जा रहा हैं, वहीं उनके पार्टी विधायक ढूलु महतो पर दर्जनों अपराधिक मामला दर्ज होने के साथ आय से अधिक बेनामी सम्पति हैं, फिर भी केंद्र की एजेंसिया इनसे कोई सवाल नहीं करता हैं। केंद्र एजेंसियों की करवाई सिर्फ विपक्ष के नेताओं पर ही होती हैं, इससे हम डरने वाले नहीं हैं, वे हमारे राहुल गाँधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से घबरा चुके हैं। किन्तु देश की जनता इस बार बदलाव की मूड में दिख रही हैं। इस बार केंद्र से भाजपा का सुफड़ा साफ हो जायेगा। और देश में आम जनता की सरकार होगी। राहुल गांधी के धनबाद आगमन को लेकर भारी संख्या में उपस्थित होकर उनका स्वागत करने की आम जनता से अपील किया हैं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ

ई- अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन निविदा संख्या:- 12/R1/2023-24/RWD/RAMGARH दिनांक 29.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा DMFT मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | प्रखण्ड/पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/12/R1/2023-24/DMFT | पतरातू/बुधबाजार दोतल्ला | दोतल्ला बुधबाजार पंचायत के ग्राम दुन्दवा में जुबली कॉलेज से लेकर सन्नी कुमार बेसरा के घर तक लगभग पी०सी०सी० पथ निर्माण। (850 मी०) | 6314800.00 | 30.06.2024 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 31.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 08.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 10.02.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 317290 Rural Work Department (23-24)_D

# सम के डॉक्टरों ने दी बच्चे को नयी जिंदगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मां की गोद में एक साथ तीन बच्चे आये। हालांकि, जहां दो बच्चों की उनके जन्म के कुछ समय के भीतर ही मृत्यु हो गयी, मां की गोद में अकेली रह गयी बच्ची की हालत भी खराब हो गयी थी। इलाज के लिए कुछ अस्पतालों में जाने के बाद माता - पिता ने 52 दिन के शिशु कन्या को लेकर उसे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल में भर्ती कराया।

सम हस्पताल में भर्ती होने के समय बच्चा बहुत बीमार था और उसका वजन केवल 660 ग्राम था। ऐसी हालत में बच्चे को तुरंत नवजात शिशुओं के लिए बने एनआइसीयू में भर्ती कराया गया और अस्पताल के बाल रोग विभाग के डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। शिशु कन्या करीब 76 दिन तक एनआइसीयू में रही।

एनआइसीयू के सभी डॉक्टरों और नर्सों ने बच्चे का इलाज किया। डॉ देवासिस नंद नवजात बाल रोग विभागाध्यक्ष, डॉ भाबग्राही मल्लिक, डॉ रतन कुमार दास, डॉ. विजय कुमार, डॉ बिनीत पाणिग्राही, डॉ देवीप्रसाद साहू, डॉ पायल प्रधान, डॉ सुरेश त्रिपाठी, डॉ भाग्यश्री महापात्र, डॉ कल्पिता साहू, डॉ मनीषा, डॉक्टर सितिकांत नायक शामिल थे। बच्चे के ठीक होने के बाद उसके माता-पिता बहुत खुश हुए और सम के डॉक्टर को धन्यवाद दिया। आइएमएस और सम अस्पताल के अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंहार ने इस बच्चे के इलाज के प्रबंधन में सभी प्रयास किये।

# खड़गपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत मंचपड़ा में नये यात्री हाल्ट स्टेशन को दी मंजूरी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेलवे डिवीजन के तहत रूपसा-बांगिरिपोशी रेलवे खंड के भीतर मंचपड़ा में एक नए स्टेशन के लिए स्थानीय निवासियों की लंबे समय से मांग रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 13 जनवरी 2024 को क्षेत्र का दौरा किया और उन्हें मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। श्री वैष्णव ने अपनी विशेष पहल से हाल ही में खड़गपुर डिवीजन में रूपसा-बांगरीपोसी खंड के जुगपुरा और ठाकुरटोटा स्टेशनों के बीच मंचपड़ा में एक हॉल्ट स्टेशन का निर्माण के लिए रेलवे बोर्ड से मंजूरी प्राप्त की। भारतीय रेलवे मौजूदा सुविधाओं को उन्नत कर रहा है और नियमित रूप से अधिक यात्री सुविधाएं जोड़ रहा है। उसी के अनुरूप रेल मंत्री ने अपनी यात्रा के दो सप्ताह के भीतर ओड़िशा के मयूरभंज जिले में मंचपडा और आसपास के गांवों के लोगों के लिए एक नया स्टेशन प्रदान करने का अपना वादा पूरा किया है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का सीएसआर कार्यक्रम




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ बड़ौदा, भुवनेश्वर क्षेत्र द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैंक की सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत सहाय मातृ पितृ निवास, अलाकरा, छतबारा पंचायत, ब्लॉक जटनी, जिला खुर्दा को अन्नदान किया गया। यह संस्था बेसहारा वृद्धजनों को भोजन, कपड़े और रहने की जगह उपलब्ध कराती है। साथ ही बैंक की भुवनेश्वर स्थित विभिन्न शाखाओं द्वारा भी अपने-अपने स्तर पर सीएसआर गतिविधियां आयोजित की गयी, जिनमें अन्नदान, वस्त्रदान वृक्षारोपण आदि किये गये। इस अवसर पर भुवनेश्वर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख दिल्लीप कुमार दास एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएसबी साक्षात्कार में अर्थशास्त्र विभाग ओड़िशा केंद्रीय विवि के छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के छह छात्रों ने ओड़िशा सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के लिए राज्य चयन बोर्ड (एसएसबी) साक्षात्कार में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। रोहित बगैरती, मनस्विनी आचार्य, अमृता मोहंती, द्विगरंग साबर, मणींद्र हनहागा और रवींद्र कुमार नायक ओड़िशा सरकार के तहत विभिन्न डिग्री कॉलेजों में काम करके प्रमुख प्रदर्शन करेंगे।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके आशाजनक भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विभाग के संकाय के समर्पण की सराहना की और छात्रों को विश्वविद्यालय और देश की बेहतरी के लिए अपनी अनुकरणीय भावना बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ मिनाती साहू के साथ सहायक प्रोफेसर डॉ प्रशांत कुमार बेहरा और बिस्वजीत भोई ने इस उपलब्धि के लिए छात्रों को बधाई दी। जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागुनाथ भोई ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास में उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आने वाले दिनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एमसीएल जागृति महिला ने उल्लेखनीय सेवा कार्य किया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 27 जनवरी, 2024 को जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा सुवर्णा काओले के नेतृत्व में तथा उपाध्यक्षा अल्पना सुक्ला राव, उपाध्यक्षा अंजलि बापट के मार्गदर्शन से महिला मंडल की सदस्याओं ने एक उल्लेखनीय सेवा कार्य किया। इसी कड़ी में महिला मंडल ने बिजलीनगर, कटापल्ली गांव के 20 जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओं को कंबल, हेडस्कार्फ और स्नैक्स आदि वितरण किया।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं: (1), ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–69–23–24 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम:** Dy. CE/C/बरकाकाना के अंतर्गत बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी. रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144) – सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 152.520 से 160.600 (किमी 155.250 से 155.750 और किमी 156.700 से 156.900 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 31,47,54,761.50, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 17,23,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 15.02.2024, 15.30 बजे।** ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/2184/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/44









































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**